RNI-MPHIN/2013/53761

दैनिक
राष्ट्रीय जनभावना

वर्ष-3, अंक-10
इन्दौर, मंगलवार
06 अक्टूबर 2026
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

चाणक्य नीति

चाणक्य कहते हैं कि अधिक लाड़ प्यार करने से बच्चों में अनेक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। इसलिए यदि वे कोई गलत काम करते हैं तो उसे नजरअंदाज करके लाड़-प्यार करना उचित नहीं है। बच्चे को डाँटना भी आवश्यक है।



एसआईआर पर बवाल... सुप्रीम कोर्ट का एसआईआर के 14 फैसलों पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, सीईसी, चुनाव आयुक्त, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर और डीजी (आईटी) को नोटिस, कहा-चुनाव आयोग ने कानून तोड़ा होगा तो रोक देंगे फैसले, सीजेआई बोले...

फॉर्म 6 में बदलाव की कोई मंजूरी नहीं

19 विपक्षी दल आज दिल्ली में चुनाव आयोग घेरेंगे... संसद से मुख्यालय तक 3 किमी का मार्च निकालेंगे

● नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। उन पर एसआईआर से जुड़े करीब 14 फैसले दो अन्य चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना लेने का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर फैसले बिना सहमति के लिए गए, तो उन्हें वापस लिया जा सकता है। सीजेपी सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने याचिका पर केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, सीईसी ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग और डीजी (आई) सीमा खन्ना को नोटिस जारी किया। वहीं सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने फॉर्म 6 में किए गए किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है।

फॉर्म 6 में किए गए गैरकानूनी बदलावों को लेकर दलील पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने यह भी संकेत दिया कि चुनाव आयोग से रिपोर्ट मिलने के बाद न्यायालय यह देखेगा कि फॉर्म में बदलाव किसने किया था। पहली बार चुनाव आयोग के मतदाता पंजीकरण फॉर्म के ऑनलाइन संस्करण यानी फॉर्म 6 में एक नया हिस्सा जोड़ा गया था। इसमें नए मतदाता से उसके माता-पिता की स्थिति के बारे में पूछा गया था कि वे मतदाता सूची के आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में शामिल थे या नहीं। हालांकि, फॉर्म के मूल कानूनी प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया था। जिन राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहां चुनाव आयोग ने अपने ईसीआईनेट पोर्टल से फॉर्म 6 में जोड़ी गई एसआईआर से जुड़ी घोषणा हटा दी है।



फॉर्म 6 में किया अवैध-एकतरफा बदलाव



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने नतद्राता पंजीकरण से जुड़े फॉर्म 6 में गैरकानूनी और एकतरफा तरीके से बदलाव किया। राहुल गांधी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद यह बात बिना किसी शक के स्थापित हो गई है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि अब यह बिना किसी संदेह के स्थापित हो गया है कि ज्ञानेश कुमार ने फॉर्म 6 में अवैध और एकतरफा तरीके से बदलाव किया। यह भाजपा की सनद के लिए उनके पद के दुरुपयोग का एक और सबूत है। लोकतंत्र पर इस आधारभूत हमले में शामिल वह और बाकी सभी लोग जवाबदेह ठहराए जाएंगे। राहुल गांधी ने अपने दावे के समर्थन में निर्वाचन आयोग की एक पुरानी प्रेस विज्ञप्ति की तस्वीर भी साझा की।

सेव डेमोक्रेसी मार्च में होगा फर्जीवाड़े का पर्दाफाश

एसआईआर को लेकर चुनावी राजनीति अब सड़क पर उतरने जा रही है। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के 19 दल मंगलवार को संसद से चुनाव आयोग मुख्यालय तक करीब 3 किलोमीटर का 'सेव डेमोक्रेसी मार्च' निकालेंगे। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम सूची से बाहर होने की आशंका है। मार्च में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी), राजद, सीपीएम, सीपीआई, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, जेएमएम, सीपीआई-एमएल, आईयूएमएल, केसी(एम), एमडीएमके, वीसीके, आरएसपी, एआईएफबी और केसी(जे) सहित 19 दल शामिल होंगे। इन दलों के पास लोकसभा में कुल 178 और राज्यसभा में 62 सांसद हैं। इस लिहाज से मार्च सिर्फ प्रतीकात्मक प्रदर्शन नहीं, बल्कि विपक्षी की संख्या और एकजुटता दिखाने की कोशिश भी माना जा रहा है।

निर्वाचन आयोग के पुराने बयान पर उठे सवाल

निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को जारी एक बयान में कहा था कि एसआईआर के लिए फॉर्म 6 के साथ जोड़ी गई घोषणा को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा था। आयोग ने कहा था कि एसआईआर से अलग अवधि में निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के तहत निर्धारित फॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता आशुतोष राका ने दावा किया कि आयोग ने बाद में यह प्रेस विज्ञप्ति हटा ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर आयोग की ओर से प्रेस विज्ञप्ति हटाए जाने को लेकर टिप्पणी की और ज्ञानेश कुमार पर ही निशाना साधा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने का एकतरफा अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया।

सीईसी पर कार्रवाई की मांग

विपक्षी दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग उठाई है। साथ ही संसद के जरिए उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। विपक्ष चाहता है कि बुध और विधानसभा स्तर पर नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। किसी मतदाता का नाम हटाने से पहले उसे नोटिस देने और अपील का अवसर देने की मांग की गई है। विपक्ष का दावा है कि एसआईआर की प्रक्रिया से बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हो सकते हैं। इसलिए भविष्य के चुनावों में एसआईआर से पहले की मतदाता सूची को आधार बनाने की मांग भी रखी गई है।

ट्रम्प के कामकाज से 70 प्रतिशत अमेरिकी संतुष्ट नहीं राष्ट्रपति के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी में बगावत तेज

मिडटर्म चुनाव हार सकते हैं ट्रम्प



न्यूयॉर्क, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ उनकी अपनी रिपब्लिकन पार्टी में बगावत के संकेत दिखने लगे हैं। ट्रम्प की लोकप्रियता घट रही है। पार्टी नेताओं को डर है कि मिडटर्म चुनाव में ट्रम्प का साथ उन्हें नुकसान पहुंचा सकता है। नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले कई रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रम्प से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने अपनी चुनावी वेबसाइट से ट्रम्प और उनके अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का जिक्र हटा दिया है। कुछ नेता उनके साथ मंच साझा करने से भी बच रहे हैं।

एक सर्वे के मुताबिक, सिर्फ 30 प्रतिशत अमेरिकी ट्रम्प के कामकाज से खुश हैं। अर्थव्यवस्था पर उनकी अप्रूवल रेटिंग 26 प्रतिशत है। महंगाई से निपटने के मामले में यह सिर्फ 17 प्रतिशत है। 65 प्रतिशत से ज्यादा अमेरिकी बढ़ती कीमतों के लिए ट्रम्प की नीतियों को जिम्मेदार मानते हैं। आयोवा से सांसद और सीनेट उम्मीदवार एश्ले हिंसन और मिशिगन के सीनेट उम्मीदवार माइक रोजर्स ने ईरान युद्ध जल्द खत्म करने की मांग की है। दोनों पहले ट्रम्प की सैन्य कार्रवाई के समर्थक थे। आयोवा के सांसद जैक नन और मैरियानेट मिलर-मीक्स ने ट्रम्प की युद्ध शक्तियां सीमित करने के लिए डेमोक्रेट्स के साथ वोट किया। फ्लोरिडा की सांसद मारिया ने ट्रम्प की सख्त इमिग्रेशन नीति पर सवाल उठाए हैं। कई उम्मीदवारों ने कहा है कि वे ट्रम्प का प्रचार नहीं चाहते।

अर्थव्यवस्था बड़ी कमजोरी ट्रम्प को 26 प्रतिशत सपोर्ट

रिपब्लिकन उम्मीदवारों की बेचैनी के पीछे सबसे बड़ा कारण अर्थव्यवस्था है। 24 से 28 सितंबर के एपी-एनओआरसी सर्वे में केवल 17 प्रतिशत अमेरिकियों ने कहा कि वे ट्रम्प के जीवनयापन की लागत संभालने के तरीके से संतुष्ट हैं। अर्थव्यवस्था पर उनकी अप्रूवल रेटिंग सिर्फ 26 प्रतिशत रही, जबकि कुल कामकाज से 10 में केवल 3 अमेरिकी ही संतुष्ट हैं। 65 प्रतिशत से ज्यादा अमेरिकी लगातार ऊंची कीमतों के लिए सीधे ट्रम्प की नीतियों को जिम्मेदार मान रहे हैं।

ट्रम्प से दूरी वाले खेमे में बड़े नाम

ट्रम्प से दूरी बनाने वालों की सूची में गवर्नर पद पर लड़ रहे विस्कॉन्सिन के टॉम टिफनी, एरिजोना के एली क्रेन और जॉर्जिया के रिक जैक्सन जैसे नाम शामिल हैं। सांसदों से जुड़े चेहरों में जॉर्जिया की मार्जरी टेलर, केंटकी के जेम्स कोमर, ओहायो के जिम जॉर्डन और साउथ कैरोलिना की नैन्सी मेस हैं। ये लंबे समय तक ट्रम्प के समर्थक रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने रेप की 3 घटनाओं पर सुनवाई करते हुए बोला...

गुंडों के मन में डर पैदा करे पुलिस

नई दिल्ली, । सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में नाबालिगों से गैंगरेप की 3 घटनाओं पर कहा कि जब तक अपराधी के मन में मौत का डर नहीं होगा, तब तक ऐसे अपराध नहीं रुकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा कि केवल चीजों को कागज पर लिखना पर्याप्त नहीं है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंदन की बेंच ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सख्त होने से हिचकिचाएं नहीं।

बेंच ने कहा कि कुछ लोग अनुच्छेद 21 यानी मानव अधिकार का हवाला देकर सवाल उठाएंगे, लेकिन पुलिस को अपना कर्तव्य निभाना होगा। इसके बाद दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय से 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 4 अगस्त से 21 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा-दिल्ली बस, आस्था कुंज पार्क और स्वरूप नगर में रेप की 3 घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया था।



दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों में रेप की 3 घटनाएं: दिल्ली-एनसीआर में 48 दिनों में रेप की 3 घटनाएं घटित हुई हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। 4 अगस्त को दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से चलती बस में गैंगरेप। पीड़िता ग्रेटर नोएडा के परी चौक से बस में बैठी। आरोपियों ने उसे कल्पगीरी गेट पर छोड़ा।

6 लोकसभा-विधानसभा सीटों पर उपचुनाव आज

नंदीग्राम में भाजपा हावी, रेजीनगर में हुमायूं ने पेंच फंसाया, तमिलनाडु की दो सीटों पर सीएम विजय का पहला टेस्ट

नई दिल्ली, । लोकसभा और विधानसभा की छह सीटों पर मंगलवार को मतदान होंगे। पश्चिम बंगाल की दो, तमिलनाडु की दो, पुडुचेरी की एक विधानसभा सीट और असम की नागांव लोकसभा सीट पर उपचुनाव होने हैं। नतीजे 9 अक्टूबर को आएंगे। चुनाव के नतीजे किसी सरकार का भविष्य तय नहीं करेंगे, लेकिन विधानसभा चुनावों के बाद जमीन पर बदलते राजनीतिक समीकरणों और पार्टियों की पकड़ की झलक जरूर देंगे। सबसे ज्यादा नजर पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट पर है। ये सीएम शुभेंदु अधिकारी की पारंपरिक सीट है। उन्होंने 2021 में मुख्यमंत्री रहीं ममता बनर्जी को इसी सीट से हराया था। रेजीनगर सीट से हुमायूं कबीर के बेटे गोलाम नबी आजाद चुनाव लड़ रहे हैं।

जीएसटी टैक्स चोरी पर नहीं होगी गिरफ्तारी

काउंसिल की बैठक में 7 अक्टूबर को होगा फैसला... अधिकार छीनेंगे

नई दिल्ली । व्यापारियों और कारोबारियों में बढ़ती दहशत और टैक्स अधिकारियों द्वारा अधिकार के गलत इस्तेमाल की शिकायतों के बाद सरकार जीएसटी लागू होने के करीब 9 साल बाद टैक्स सिस्टम में एक बड़ा बदलाव करने जा रही है।

इसके तहत जीएसटी अधिकारियों को मिली गिरफ्तारी की शक्ति हटाने पर विचार किया जा रहा है। इस प्रस्ताव पर 7 अक्टूबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में चर्चा होगी। अगर इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है तो टैक्स चोरी पर गिरफ्तारी नहीं होगी। मौजूदा कानून के तहत गंभीर टैक्स अपराधों के मामलों में गिरफ्तारी का प्रावधान है, खासकर फर्जी बिल बनाना, गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट लेना और जानबूझकर टैक्स चोरी जैसे मामलों में कार्रवाई हो सकती है। सीजीएसटी एक्ट की धारा 69 के तहत कमिश्नर को गिरफ्तारी की मंजूरी देने का अधिकार है। इसके बाद सरकार ने 2022 में गिरफ्तारी और जमानत को लेकर अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए थे। इनमें कहा गया था कि सिर्फ इसलिए गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कानून में इसकी अनुमति है। गिरफ्तारी के लिए मामले की गंभीरता और व्यक्ति की भूमिका समेत दूसरे पहलुओं को देखना जरूरी है।

वजहें हो रहा है बदलाव पर विचार

इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी वजह टैक्स अधिकारियों के अधिकारों के गलत इस्तेमाल की शिकायतें बताई जा रही हैं। कारोबारियों और कंपनियों की तरफ से जीएसटी जांच और गिरफ्तारी को लेकर चिंताएं जताई जाती रही हैं। अब सरकार सिस्टम में ऐसा बदलाव चाहती है, जिससे गंभीर धोखाधड़ी पर कार्रवाई भी बनी रहे और कारोबारियों को डर का सामना भी न करना पड़े।

पंजाब सीएमओ में भ्रष्टाचार के आरोपों पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला...

सीबीआई को सौंपी जांच 2 महीने में मांगी रिपोर्ट

चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। कोर्ट ने सीबीआई को दो महीने के अंदर अपनी जांच रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक को तीन पत्र लिखकर कुछ लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि पंजाब में अधिकारियों के तबादले, पोस्टिंग, सीएलयू और अन्य सरकारी कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। ईडी ने अपने पत्रों में पंजाब के मुख्यमंत्री के ओएसडी राजबीर घुम्मन का नाम भी विशेष रूप से दर्ज किया था।

बेटे के केस में कांग्रेस नेता गिरफ्तार...


अमृतसर । अमृतसर में कांग्रेस नेता और इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन दिनेश बस्सी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस ने फ्रॉड के मामले में पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की।

यह केस बस्सी के बेटे और उसके दोस्त के खिलाफ दर्ज है। बस्सी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस के पार्षदों ने थाने के बाहर धरना दिया। इस दौरान पार्षद थाने के अंदर जाने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें खींचकर थाने से बाहर निकाल दिया। कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला भी धरने में पहुंचे। हंगामे के बीच थाने का दरवाजा भी बंद कर दिया गया।

हूतियों पर टूट पड़े यमन-सऊदी के 100 फाइटर जेट्स...

एयरपोर्ट पर कब्जा, बाब अल-मंदेब पर भी बढ़ा प्रेशर

सना । यमन में हूतियों के खिलाफ जंग अब बड़े मोड़ पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त यमनी सरकार की सेना ने ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। यमनी सरकारी बलों ने दावा किया है कि उन्होंने धुआब एयरपोर्ट पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। साथ ही धुआब जिले के बड़े हिस्से पर भी कब्जे की बात कही गई है। इस ऑपरेशन में यमन-सऊदी के कमोबेश 100 विमानों के शामिल होने का दावा है। यमनी सेना ने इस अभियान को 'डॉन ऑफ यमन' नाम दिया है और उसका सबसे बड़ा लक्ष्य रणनीतिक बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पर नियंत्रण हासिल करना बताया जा रहा है।



100 फाइटर जेट, 324 हाई-वैल्यू टारगेट पर हमला

साऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा है कि इस ऑपरेशन में करीब 100 फाइटर जेट शामिल हुए। गठबंधन के मुताबिक, यमन में 324 'हाई-वैल्यू टारगेट' को निशाना बनाया गया है। वहीं यमनी सेना ने कहा कि उसने हूती ठिकानों पर 1,000 से ज्यादा स्ट्राइक की हैं। इन हमलों में तोपों और रॉकेट लॉन्चर के ठिकानों, डिफेंस पोजिशन, सप्लाई रूट और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं को निशाना बनाने का दावा किया गया है।

कूनो में मादा चीता ने 5 शावकों को दिया जन्म

श्योपुर । प्रोजेक्ट चीता के अंतर्गत मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आज एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई। भारतीय धरती पर जन्मी 32 माह की मादा चीता केजेपी-21 ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 60 हो गई है, जिसमें 41 भारतीय धरती पर जन्मे चीते शामिल हैं।

केजेपी-21, मुखी और केजीपी 12 के बाद भारत में जन्मी तीसरी मादा चीता है, जिसने भारतीय धरती पर शावकों को जन्म दिया है। यह उपलब्धि देश में चीता संरक्षण एवं पुनर्स्थापना के प्रयासों की सफलता और चीतों की नई पीढ़ी के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़े पशु चिकित्सकों, वन अधिकारियों, मैदानी अमले, प्रबंधन टीम तथा सभी सहयोगियों को बधाई दी गई है। उनके समर्पण, प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से भारत में चीता पुनर्स्थापना की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।

मेडिसिन का नोबेल 3 वैज्ञानिकों को मिला

रोशनी से दिमाग की नसों को नियंत्रित करने का तरीका खोजा

स्टॉकहोम । 2026 का नोबेल मेडिसिन पुरस्कार ऑप्टोजेनेटिक्स नाम की तकनीक के लिए पीटर हेगेमैन, जॉर्ज नागेल और कार्ल डीसेरोथ को दिया गया है। पीटर और हम्बोल्ट जर्मनी के हैं। कार्ल अमेरिका से हैं। इस तकनीक की मदद से वैज्ञानिक दिमाग की नसों यानी तंत्रिका कोशिकाओं को रोशनी से कंट्रोल कर सकते हैं। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि हमारा दिमाग यादों, भावनाओं और व्यवहार को कैसे कंट्रोल करता है।

वैज्ञानिक पीटर हेगेमैन यह समझना चाहते थे कि यह शैवाल रोशनी की तरफ कैसे तैरती है। इसी सवाल पर काम करते हुए उन्होंने और जॉर्ज नागेल ने शैवाल में एक खास प्रोटीन की पहचान की। इसका नाम चैनलरोडोप्सिन है। आसान भाषा में कहें तो यह प्रोटीन कोशिका के लिए रोशनी को महसूस करने वाले सेंसर की तरह काम करता है। जब इस प्रोटीन पर नीली रोशनी पड़ती



है, तो इसमें एक छोटा रास्ता खुल जाता है। इस रास्ते से विद्युत आवेश वाले छोटे कण कोशिका के अंदर जाने लगते हैं। इससे कोशिका में एक विद्युत संकेत पैदा होता है। वैज्ञानिकों ने आगे इसका प्रयोग दूसरी कोशिकाओं पर किया। उन्होंने चैनलरोडोप्सिन को दूसरी कोशिकाओं में डालकर देखा। इसके बाद ये कोशिकाएं भी रोशनी पड़ने पर विद्युत संकेत पैदा करने लगीं। यहीं से वैज्ञानिकों को यह समझ आया कि इस प्रोटीन की मदद से रोशनी के जरिए कोशिकाओं की गतिविधि को नियंत्रित किया जा सकता है।

इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज, आज से सफर महंगा

घरेलू उड़ानों पर 1300, इंटरनेशनल पर 10,000 तक ज्यादा देने होंगे

● नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की फ्लाइट्स मंगलवार से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में 1300 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 रूपए तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाने का ऐलान किया है।

नई कीमतें 6 अक्टूबर रात 12:01 बजे से लागू हो गई हैं। इंडिगो ने इस साल तीसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले एयरलाइन ने 14 मार्च और फिर 1 अप्रैल को किराया बढ़ाया था।



एयरलाइन के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, पिछले 10 साल में फ्यूल की कीमतें अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गई हैं।

एयरलाइंस के लिए सबसे बड़ा खर्च होता है जेट-फ्यूल

जेट फ्यूल की कीमतें बढ़ने के चलते दुनियाभर की एयरलाइंस ने न सिर्फ टिकट के दाम बढ़ाए हैं, बल्कि अपने भविष्य के वित्तीय अनुमानों यानी फाइनेंशियल आउटलुक को भी वापस लिया है। एयरलाइंस के लिए जेट-फ्यूल सबसे बड़ा खर्च होता है। कुल ऑपरेटिंग खर्च में इसकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत होती है। तेल की कीमतों में आए इस अचानक बदलाव ने एयरलाइंस के बजट को बिगाड़ दिया है। एयर न्यूजीलैंड और वर्जाटास जैसी बड़ी कंपनियों ने भी साफ कर दिया है कि वे बढ़े हुए खर्च का बोझ यात्रियों पर डालेंगे।

फ्यूचर ऑफ इंडिया फाउंडेशन की यूथपॉवर रिपोर्ट में खुलासा

मप्र के 24 जिले शिक्षा-रोजगार में फिसड्डी

● नई दिल्ली/भोपाल,

फ्यूचर ऑफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा कराए गए यूथपॉवर रिपोर्ट में यूपी को लेकर हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के मुताबिक शिक्षा, कौशल और रोजगार के मामले में मप्र के 24 जिले आज भी पिछड़े हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के 33 पिछड़े जिलों के साथ पहले पायदान पर है। संस्था ने यह रिपोर्ट देश के कुल 800 जिलों में कराए गए सर्वे के बाद यह रिपोर्ट पेश किया है। संस्था के नेशनल स्कोर में चंडीगढ़ को शीर्ष पर रखा गया है।

अपनी रिपोर्ट में संस्था ने बताया कि शिक्षा, कौशल और रोजगार की दृष्टि से जयपुर की



स्थिति देश में बेहतर है। हालांकि नेशनल स्कोरिंग में राजस्थान को 45.7 अंकों के साथ देश में 25वां स्थान दिया गया है। जबकि 66 अंकों के साथ राष्ट्रीय स्कोरिंग में चंडीगढ़ टॉप पर है। अपनी रिपोर्ट में संस्था ने बताया है कि कुल 800 जिलों में सर्वे कराया गया। इनमें से 160 जिले पिछड़े माने गए हैं।

इन राज्यों में नहीं पिछड़ा कोई जिला

रिपोर्ट के मुताबिक देश के कुछ राज्य ऐसे भी हैं, जिनके कोई जिले पिछड़ा की श्रेणी में नहीं हैं। इन जिलों में पंजाब, केरल, तमिलनाडु, उत्तराखंड और गोवा शामिल हैं। 800 जिलों में से पिछड़ा कैटेगरी में रखे गए 160 जिलों की सूची में इन राज्यों का कोई भी जिला शामिल नहीं है। वहीं बाकी राज्यों में से कोई ना कोई जिला इन 160 जिलों में जरूर शामिल है। इनमें भी हरियाणा और आंध्र प्रदेश की स्थिति बेहतर बताई गई है।

संपादकीय

क्या भारत बांग्लादेश के रास्ते पर चल पड़ा?

बांग्लादेश और भारत की राजनीतिक परिस्थितियां एक जैसी नहीं हैं, फिर भी दोनों देशों की घटनाओं में एक महत्वपूर्ण समानता दिखाई देती है। जब जनता को यह महसूस होने लगे, चुनावी व्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाएं निष्पक्ष नहीं रहीं, सारी संवैधानिक संस्थाएं सरकार के दबाव में काम करती हुई नजर आ रही हैं, तब असंतोष केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता। जब यह असंतोष सड़क तक पहुचता है, उसके बाद स्थितियां गंभीर होती चली जाती हैं। बांग्लादेश में जनवरी 2024 के चुनाव में शेख हसीना की लगातार चौथी सरकार के गठन का माध्यम बना। प्रमुख विपक्षी दल बीएनपी ने चुनाव का बहिष्कार किया था। सरकार पर विपक्ष को दबाने तथा चुनाव को प्रभावित करने के आरोप लगे थे। चुनाव के बाद भी असंतोष समाप्त नहीं हुआ। शेख हसीना की तानाशाही और भी बढ़ गई थी। जुलाई 2024 में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे से शुरू हुआ, छात्र आंदोलन धीरे-धीरे सरकार- विरोधी आंदोलन में बदल गया। युवाओं की भीड़ सड़कों पर आ गई। पुलिस और सुरक्षाबलों की कार्रवाई में बड़ी संख्या में लोग मारे गए। अंततः सेना प्रमुख जनरल वाकर-उज-जमान ने शेख हसीना सरकार के समर्थन में आंदोलन को बलपूर्वक दबाने को सेना ने इनकार कर दिया। 5 अगस्त 2024 को हसीना ने भारत में शरण ले ली। इस कारण भारत और बांग्लादेश के संबंध भी खराब हुए। यहीं से भारत के लिए सबसे बड़ा लोकतांत्रिक सबक निकलता है। सरकारें केवल चुनाव जीतकर मजबूत नहीं होती हैं। सरकार की वास्तविक ताकत जनता के विश्वास में निहित है। भारत में आज सरकार और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास का संकट है। भारत में सत्ता परिवर्तन के लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक रास्ते अभी भी मौजूद हैं। चुनाव आयोग द्वारा कराई जा रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद गंभीर संवैधानिक एवं राजनीतिक विवाद पैदा हो चुका है। 2017 के बाद से चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली हमेशा विवादों में रही है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और वर्तमान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग कर सत्ताधारी पार्टी को मदद के लिए किया है। एसआईआर में न्यायपालिका की भूमिका भी सरकार के दबाव में है। भारतीय निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार विभिन्न राज्यों में ड्राफ्ट मतदाता सूचियों से 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। आयोग का तर्क है, इनमें मृतक, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टियों तथा अन्य कारणों से अयोग्य मतदाता शामिल हैं। लेकिन जिस तरह से फॉर्म 6 और फॉर्म 7 की गड़बड़ी उजागर हुई है, उसके बाद चुनाव आयोग पूरी तरह से निशाने पर आ गया है। आम मतदाताओं, विपक्ष और नागरिक समूहों का आरोप है, प्रक्रिया में वास्तविक मतदाताओं के नाम सत्तारूढ़ पार्टी को जिताने के लिए हटाए गए हैं। इससे लोकसभा और कई राज्यों के चुनावों को प्रभावित किया गया है। सबसे गंभीर प्रश्न केवल 13 करोड़ नाम हटाए जाने का नहीं है, 2024 को 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में नहीं जोड़े गए हैं। पात्र नागरिकों का वोट छिनने से पहले सत्यापन, सुनवाई और अपील की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी नहीं रही। भारत में जन्मे भारतीय नागरिकों के ही नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उसमें भी एक अल्पसंख्यक समुदाय के सबसे ज्यादा हटाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया, लगभग 38.31 लाख अपीलें ट्रिब्यूनल में दायर हुई हैं, जिनमें 22.21 लाख से अधिक अपीलें हटाए गए मतदाताओं द्वारा नाम वापस जोड़ने के लिए की गई थीं। जो आज भी लंबित पड़ी हुई हैं। इसी बीच चुनाव भी हो गए। विवाद को और गंभीर बनाने वाली बात चुनाव आयोग के भीतर से सामने आए मतभेद हैं। इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित समाचार और जांच के अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने दस महीनों में कम से कम 14 बार चुनाव आयोग द्वारा लिए गए निर्णय और प्रक्रियाओं पर लिखित आपत्तियां दर्ज कीं। आयोग ने इन टिप्पणियों को निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए कहा है, अंतिम निर्णय सर्व सम्मति से हुए। इसके बाद से पूरे देश भर में बवाल मचा हुआ है।

विपक्ष को लगता है, मतदाता सूची में हेरफेर हुआ है। चुनाव में गड़बड़ी की गई है, तो उसका उत्तर सड़क पर नहीं बल्कि दस्तावेज, जांच, न्यायिक समीक्षा और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया से विपक्ष को मिलना चाहिए। चुनाव आयोग को विपक्ष के साथ संवाद करना चाहिए। विपक्ष और आम जनता को भी विश्वास में लेना चाहिए था। न्यायपालिका को भी अपनी भूमिका अदा करनी थी, लेकिन पिछले दो- ढाई वर्षों से सब अपनी अपनी भूमिका से नदारत हैं। यदि चुनाव आयोग पर आरोप गलत हैं, तो आयोग को आंकड़े, प्रक्रिया और निर्णय सार्वजनिक करके जनता का विश्वास जीतना चाहिए। यदि वास्तविक गड़बड़ी हुई है, तो उसे सुधारना चुनाव आयोग की कमजोरी नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती होगी। आज दिल्ली से मुंबई और देश के कई हिस्सों में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। 2 अक्टूबर को दिल्ली में लगभग 500 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। 4 अक्टूबर को मुंबई में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने संयुक्त प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान न्यायपालिका की भूमिका को लेकर भी भीड़ सड़कों पर है। भारत और बांग्लादेश के बीच वर्तमान आंदोलन को देखते हुए समानता दिखने लगी है। बांग्लादेश में आंदोलन सत्ता के विरुद्ध व्यापक जनविद्रोह और सैन्य हस्तक्षेप की स्थिति तक पहुंच गया था। भारत में अभी ऐसी स्थिति नहीं है। भारत में संसद, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, राज्यों की संवैधानिक संस्थाएं, काफी हद तक सोशल मीडिया स्वतंत्र मीडिया के रूप में मौजूद है। भारत में अभी भी लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से स्थितियों को संभाला जा सकता है। न्यायपालिका की भूमिका भी अति महत्वपूर्ण है। उसे विश्वसनीयता के साथ आगे आना होगा। बांग्लादेश की घटना भारत के लिए चेतावनी है। भारत को उस स्थिति तक पहुंचने से पहिले उसे रोकने का रास्ता खोजना होगा। इस समय न्यायपालिका और चुनाव आयोग दोनों ही अपने कठिन दौर से गुजर रहे हैं। सरकार को भी संवेदनशीलता के साथ इस मामले का पटाक्षेप करने के लिए आगे आना होगा. अन्यथा स्थिति बद से बदतर होते देर नहीं लगेगी।

राज काज

राहुल को नेता माने इंडिया गठबंधन

राहुल गांधी पिछले कई वर्षों से जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ रहे हैं.उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं संघ के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है. इतनी दमदारी के साथ कोई नेता सरकार और संघ के विरोध में कभी नहीं उतरा. आज राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी के विकल्प के रूप में सारे देश में देखे जा रहे हैं. एक ही नेता है जो सारे देश में एक अलग पहचान के साथ आगे बढ़ा है. युवाओं और जनता के बीच उनकी एक अलग पहचान है. यदि भाजपा को हराना है, तो इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों को राष्ट्रीय राजनीति में राहुल गांधी को विकल्प के रूप में चुनना होगा. यदि ऐसा हो गया तो भाजपा को हराना बहुत आसान हो जाएगा. राज्यों की राजनीति और केंद्र के राजनीति की समझ और सोच अलग-अलग है. इसको विपक्षी दलों को समझना होगा. नहीं तो एक-एक करके सारे मारे जाएंगे. जब नितीश बाबू और नवीन पटनायक को नहीं छोड़ा, तो मोदी और शाह किसको छोड़ेंगे? इसे आसानी से समझा जा सकता है।

सपा से धनराज को राज्यसभा की टिकट

समाजवादी पार्टी के पास अभी तक उद्योग समूह से कोई प्रतिनिधि नहीं था. सपा ने राज्यसभा का टिकट धनराज नाथवानी को दिया है. यह रिलायंस समूह से जुड़े हुए हैं. इनके पिताजी भाजपा की टिकट से झारखंड से चुने गए हैं. अब बेटा सपा से राज्यसभा जाएगा. बाप बेटे दोनों राज्यसभा में रहेंगे.तीन सीटें जीतने के लिए भाजपा के पास 10 वोट कम थे. अब जब धन पशु सपा में आ ही गया है. तो वह 10 वोट भी जुगाड़ेगा. टिकट के लिए पार्टी को बड़ा चंदा भी देगा.सपा को एक अतिरिक्त सीट जिताकर देगा. पैसे का काम पैसे से होता है. राजनीति मे कोई विचारधारा पैसे वालों के बीच में नहीं होती है. यह सभी जानते हैं. अखिलेश यादव उद्योग लाबी में भी अब अपना वर्चस्व बनाना चाहते हैं. धनराज से बेहतर और कौन होगा।

समग्र विकास से सिद्धी


अखिलेश जैन

मोदी जी के 25 वर्षों के शासनकाल की भारत की यात्रा वास्तव में समग्र विकास से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रयासों की यात्रा है। अपरिवर्तनशील वास्तविकता है कि सूर्य पूर्व में ही उगता है उसी तरह शाश्वत सत्य है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत निराशा, भाई भतीजावाद, जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, कालेधन, जमाखोरी, आयात पर निर्भरता, तुष्टीकरण, संस्कृति का अपमान, गुलामी के प्रतीकों जैसी तमाम बेड़ियों को तोड़कर सुन्दर, सुखद, भविष्य के निर्माण हेतु रात-दिन एक करके, बिना रुके-बिना थके, बिना दाँये-बिना बाँये देखे कठिन से कठिन अग्नि परीक्षा जैसी चुनौतियों को पार करके भविष्य निर्माण में जुटा हुआ है। आज भारत का लक्ष्य, ध्येय, सपना, नारा, वचन तथा एक ही दशरथ नन्दन प्रभु श्री रामचन्द्र जी के श्री चरणों में प्रार्थना है- विकसित भारत @2047। विकसित भारत@2047 लक्ष्य की गहराई को जानने वाले ही, लक्ष्य की गंभीरता को जान सकते हैं। नारा आसान है, लक्ष्य गंभीर है, विकसित भारत @2047 के लक्ष्य सिद्धी के लिए उससे भी बड़ा तप करना पड़ेगा जितना तप महाराज भगीरथ ने गंगा को पृथ्वी पर उतारने के लिए किया था। महाराज भगीरथ के कठोर तप से प्रसन्न होकर ब्रम्हा जी ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने का वरदान दिया था, महाराज भगीरथ का तप तो केवल एक सिद्धी गंगा को पृथ्वी पर उतारने के लिए था पर मोदी जी के नेतृत्व में भारत का तप तो विकसित भारत @2047 के लिए है, इस सिद्धि को पाने के पहले तमाम सिद्धियां पार करना पड़ेंगी, तमाम बाधाओं को पार पाना पड़ेगा जो मुख्य सिद्धि के मार्ग में बाधा हैं, बाधाओं को दूर करने के साथ-साथ बाधाओं को दूर करने की गति को भी गति



देना पड़ेगी। मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ चुका है,12वीं अर्थव्यवस्था से विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था के कदम बढ़ा रहा है। महिलाएं नीति निर्णय में भागीदार बन रही हैं, अर्थव्यवस्था की मजबूती व स्थायित्व में महिलाओं का योगदान लाने में भारत सफल हो रहा है, 2014 से भ्रष्टाचार की खबरों को मसाला न मिलने के कारण जनता में उत्साह का संचार करने में सरकार को बहुत बड़ी सफलता मिली है, इसके सकारात्मक परिणाम बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में हैं, देश की सीमाएँ सुरक्षित हैं, परिन्दा भी पर नहीं मार पाता क्योंकि सरकार व सेना की कार्यवाहियों का लेखा जोखा नेत्रहीन भी तुरन्त पढ़ लेता है। सरकार का आतंकवाद विरोधी निर्णय देश में स्थिरता, शांति व प्रगति लाने में सहायक हुआ है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, वैकल्पिक ऊर्जा संसाधनों की खोज व विकास, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, सनातन संस्कृति की रक्षा व संरक्षण, शिक्षण, प्रशिक्षण व रोजगार की संभावनाएं, करों का सरलीकरण, हर व्यक्ति का बैंक में खाता, गरीब को चिकित्सा सुविधा, आवास, पेयजल, स्वच्छता, स्वच्छ ईधन, शौचालय, दिल्ली से चली राशि बिना किसी कट के सीधे हितग्राहियों के खाते में बराबर व तुरन्त पहुंचना, 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों ने आर्थिक प्रगति में जो योगदान दिया है उसी कारण विदेशी निवेश भारत के दरवाजे पर लाईन लगा कर खड़ा है, जीडीपी, जीएसटी व आयकर शिखर पर, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर, अगर सफलता की गति बरकरार रहती है तो 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था व विकसित भारत @ 2047 की सिद्धी पाने में भारत शीघ्र सफलता पाएगा।

(लेखक भाजपा मप्र के कोषाध्यक्ष हैं)

सत्याग्रह से बिखरी आवाजों को एक सूत्र में पिरोने की कोशिश


सौरभ वार्ष्णेय

लोकतंत्र केवल चुनाव, संसद और सरकारों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उस आवाज में भी निहित होती है, जो अपने अधिकार, न्याय और सम्मान के लिए व्यवस्था के सामने सवाल खड़ा करती है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महात्मा गांधी का सत्याग्रह इसी सवाल को अहिंसक संघर्ष और नैतिक आग्रह की शक्ति में बदलने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा है। ऐसे समय में जब देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन और विरोध सामने आते रहते हैं, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सत्याग्रह' नामक डिजिटल मंच की शुरुआत को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। यह मंच ऐसे समय में आया है जब सत्ता पक्ष के खिलाफ धीरे-धीरे विपक्ष एकजुट हो रहा है। हालांकि अभी समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी खुलकर राहुल के साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि यूपी -पंजाब में आने वाले समय में चुनाव है। जन मानस के विरोध को भांपते हुए राहुल गांधी ने तीन अक्टूबर को इस डिजिटल मंच की शुरुआत की। इसके माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे मुद्दा आधारित आंदोलनों और संघर्षों को एक साझा डिजिटल मंच पर लाने की कोशिश की गई है। मंच पर लोग अपने आंदोलन और मुद्दे की जानकारी साझा कर सकते हैं तथा इंटरैक्टिव मैप के माध्यम से देश के दूसरे हिस्सों में समान प्रकृति के संघर्षों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा कि देशभर में लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उनकी आवाज अकेली रह जाती है। उन्होंने युवाओं, छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं सहित विभिन्न समूहों के संघर्षों का उल्लेख करते हुए लोगों से अपनी समस्याओं और आंदोलनों को इस मंच पर साझा करने का आह्वान किया। उनका कहना है कि जब अलग-अलग संघर्षों की जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी, तो एक मुद्दे से जुड़े लोग दूसरे स्थानों पर चल रहे समान संघर्षों से जुड़ सकेंगे। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या डिजिटल मंच वास्तव में बिखरी हुई आवाजों को प्रभावी सामाजिक शक्ति में बदल सकता है? इसका उत्तर केवल राजनीतिक अपील में नहीं, बल्कि इस बात में छिपा होगा कि मंच कितनी व्यापकता से लोगों तक पहुंचता है और वहां आने वाली शिकायतों एवं आंदोलनों को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में जमीन, वनाधिकार, शिक्षा, परीक्षाओं, रोजगार, महिलाओं के अधिकार, सामाजिक न्याय, दलित एवं ओबीसी अधिकार जैसे अनेक विषयों पर अलग-अलग स्तर पर आंदोलन होते रहे हैं। कई बार स्थानीय स्तर का कोई संघर्ष राष्ट्रीय विमर्श तक नहीं पहुंच पाता। मीडिया की सीमित पहुंच, संसाधनों की कमी और आंदोलनकारी समूहों के बीच समन्वय का अभाव इसके कारण हो सकते हैं। सत्याग्रह' मंच की घोषित भूमिका ऐसे संघर्षों को दृश्यता और आपसी संपर्क उपलब्ध कराने की है। लेकिन किसी भी डिजिटल मंच की सफलता केवल उसके नाम या उद्देश्य से तय नहीं होती। उसकी विश्वसनीयता इस बात से निर्धारित होगी कि उस पर आने वाली सूचनाओं की पुष्टि कैसे होती है, विभिन्न पक्षों को अपना दृष्टिकोण रखने का अवसर कितना मिलता है और शिकायतों को राजनीतिक प्रचार से अलग रखते हुए किस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है। यदि किसी आंदोलन की जानकारी को बिना पर्याप्त सत्यापन के व्यापक रूप से प्रसारित किया जाता है, तो इससे तथ्य और दावे के बीच अंतर धुंधला होने का खतरा भी रहेगा। इसलिए पारदर्शिता और तथ्य-जांच इस पहल की महत्वपूर्ण कसौटियां होंगी। राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसद के साथ-साथ सड़क और अन्य माध्यमों से लोगों की आवाज उठाने की बात कही है। यह स्वाभाविक रूप से राजनीतिक भूमिका का हिस्सा भी है। विपक्ष का दायित्व सरकार से सवाल पूछना और जनता से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाना है। दूसरी ओर, आंदोलनों के साथ जुड़ना विपक्षी राजनीति का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। लेकिन यहां भी यह अंतर बनाए रखना जरूरी होगा कि कौन-सा मुद्दा वास्तविक जनशिकायत है, कौन सा राजनीतिक मतभेद है और कौन सा आरोप अभी प्रमाणित नहीं हुआ है। सत्याग्रह नाम अपने आप में महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा हुआ है। गांधी के लिए सत्याग्रह केवल विरोध का माध्यम नहीं था, बल्कि सत्य, अहिंसा, आत्मअनुशासन और नैतिक आग्रह से जुड़ी संघर्ष पद्धति थी। आज के डिजिटल दौर में किसी आंदोलन को सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंच के माध्यम से व्यापक बनाना आसान है, लेकिन गांधी के सत्याग्रह की मूल भावना को बनाए रखना कहीं अधिक कठिन है।

सुविचार

यदि किसी युवती के दोष जानना हों, तो उसकी सखियों में उसकी प्रशंसा करो।
- बेंजामिन फ्रैंकलिन

कला का सत्य जीवन की परिधि में सौंदर्य के माध्यम द्वारा व्यक्त अखंड सत्य है। **- महादेवी वर्मा**

प्रसंग

पुजारी की सीख

कांगड़ा जनपद के भगवती मंदिर के पुजारी रुद्रप्रताप समाज-सुधारक, वैद्य और अध्यापक थे। साधारण लोगों के साथ-साथ वहां के राजा सूर्यभानु भी उनका बहुत सम्मान करते थे। सूर्यभानु का पुत्र उदयभानु बेहद उद्दंड था। वह न केवल अपनी प्रजा पर अत्याचार करता था बल्कि राज्य के कर्मचारियों को भी तरह-तरह से सताया करता था। राजा सूर्यभानु इससे बेहद दुखी रहते थे। उन्होंने उदयभानु को समझाने के अनेक प्रयत्न किए, पर कोई नतीजा नहीं निकला। हारकर सूर्यभानु ने अपने पुत्र के व्यवहार के बारे में पुजारी रुद्रप्रताप को बताया और उन्हें उसे सुधारने के लिए कहा। सारी बात जानकर रुद्रप्रताप ने सूर्यभानु से कहा, 'महाराज, आप चिंता न करें। उसे कल सवेरे भगवती के दर्शन करने मंदिर में भेज दीजिएगा।' राजा सूर्यभानु उन्हें प्रणाम कर के लौट आए। अगले दिन सुबह उदयभानु पुजारी रुद्रप्रताप के पास पहुंच गया। रुद्रप्रताप ने बड़े प्रेम से उदयभानु का स्वागत किया, फिर उसके हाथों भगवती को प्रसाद चढ़वाया, फिर उसे अपने साथ विश्राम कक्ष में लेकर आ गए। उदयभानु ने चलने की आज्ञा मांगी। इस पर पुजारी रुद्रप्रताप बोले, 'बेटा, मैंने तुम्हारे भोजन की व्यवस्था भी करवाई है। आओ, भोजन तैयार होने तक हम शतरंज की एक-एक बाजी खेलते हैं।' उदयभानु को शतरंज का बेहद शौक था। वह शतरंज खेलने बैठ गया। खेलते-खेलते रुद्रप्रताप ने चाल चली, लेकिन फिर अपना मोहरा हटा लिया और बोले, 'क्षमा करना, भूल हो गई।' ऐसा रुद्रप्रताप ने दो-तीन बार किया। चौथी बार भी जब वह चाल चलकर अपना मोहरा हटाने लगे तो उदयभानु बोला, 'पंडित जी, एक-दो बार की गलती तो क्षमा हो सकती है लेकिन बार-बार की गलती क्षमा नहीं होगी।

जरा हटके

समुद्र में उठी केल्विन वेव का संबंध अलनीनो से

वैज्ञानिकों का दावा है कि प्रशांत महासागर की गहराइयों में उठने वाली केल्विन वेव का संबंध अलनीनो से। केल्विन वेव समुद्र के भीतर गर्म पानी के बड़े पैमाने पर एक दिशा से दूसरी दिशा में बढ़ने से बनती है। इसका संबंध अल नीनो जैसी समुद्री-वायुमंडलीय घटनाओं से बताया जाता है। ऐसी लहरें तटीय क्षेत्रों में समुद्र के जलस्तर, तापमान और मौसम संबंधी परिस्थितियों को प्रभावित कर सकती हैं। केल्विन वेव प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में विकसित हो सकती है। सामान्य परिस्थितियों में व्यापारिक हवाएं गर्म पानी को प्रशांत महासागर के पश्चिमी हिस्से की ओर धकेलती हैं। जब इन हवाओं की ताकत कम होती है, तो पश्चिम में जमा गर्म पानी पूर्व की ओर बढ़ने लगता है। इसी गर्म पानी के विशाल और लंबी दूरी तक चलने वाले प्रवाह को केल्विन वेव कहा जाता है। यह हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है और समुद्र की ऊपरी परतों की स्थिति को बदल सकती है। इस प्रक्रिया को बाथटब के उदाहरण से समझा जा सकता है। यदि टब के एक हिस्से में पानी को लगातार धकेला जाए तो पानी दूसरी तरफ जमा हो जाता है। धक्का हटने पर पानी वापस दूसरी दिशा में फैलता है।

प्रशांत महासागर में हवाओं और गर्म पानी के बीच होने वाली प्रक्रिया कुछ इसी तरह काम करती है। केल्विन वेव की एक खासियत यह है कि इसका असर समुद्र की सतह से अधिक उसके भीतर दिखाई देता है। यह समुद्र की ठंडी गहरी परत और गर्म ऊपरी परत के बीच मौजूद थर्मोकलाइन को नीचे धकेल सकती है। इसके कारण समुद्र की ऊपरी परत का तापमान बढ़ सकता है और अल नीनो की परिस्थितियों को प्रभावित करने वाले बदलाव सामने आ सकते हैं। समुद्र का पानी गर्म होने पर उसका फैलाव होता है, जिससे कुछ तटीय क्षेत्रों में समुद्र का जलस्तर अस्थायी रूप से बढ़ सकता है। यदि ऐसे समय में ऊंचा ज्वार या तेज तूफान भी आए, तो तटीय इलाकों में बाढ़ और समुद्री कटाव का खतरा बढ़ सकता है। विशेष रूप से निचले तटीय क्षेत्रों और समुद्र के पास स्थित बस्तियों पर इसका असर पड़ सकता है। प्रशांत महासागर में ऐसी समुद्री हलचल का प्रभाव मध्य और दक्षिण अमेरिका के तटों से लेकर उत्तर की ओर कैलिफोर्निया तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के क्षेत्रों तक देखा जा सकता है। हालांकि, किसी विशेष क्षेत्र में बाढ़ या तूफान की गंभीरता केवल केल्विन वेव पर निर्भर नहीं करती।

फोटो ऑफ द डे


अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में वायलिन समारोह में वायलिन बजाते हुए कलाकार।

व्यंग्य

अमेरिका में गुल्ली डंडा

–उमेश अग्निहोत्री

जब से अमेरिका आया हूँ गोल्फ खेलने का शौक हो गया है। ज़रा मौसम खुला देखा नहीं कि गोल्फ कोर्स की तरफ़ रवाना। क्या डिग्निटी वाला खेल है साहब। क्या तो खामोशी, और क्या तो ग्रीनरी... और एक्सरसाइज़ की एक्सरसाइज़। 18-19 होल का कोर्स। बॉल एक बल्ले बीस। अकेले खेलो। सामने किसी दूसरे की भी जरूरत नहीं। किसी प्रोफ़ेशनल का स्कोर हाथ में और एक होल से दूसरे होल की तरफ़ चलते चलो। बॉल को हिट करते हुए बॉल हिले न हिले मिट्टी ज़्यादा उड़े तो भी चिंता नहीं कोई देखकर खी-खी कर हँसने वाला भी नहीं। कैडी साथ में हो तो उसकी ट्रेनिंग है कि हँसना नहीं है। इस तरह खेलने वाले का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। यह आत्मविश्वास फिर जीवन के दूसरे पहलुओं में भी नज़र आता है। आत्मविश्वास बढ़ानेवाला खेल है यह। जब मैं अपने ग्लव्ज़ के ले गोल्फ कोर्स में जाता हूँ सच पूछे वर्ल्ड पावर महसूस करता हूँ। मुझे तो लगता है कि वर्ल्ड पावर बनने के लिए गोल्फ खेलना चाहिए...। तभी तो अमेरिकी इसे खेलते हैं। दिस इज़ दि अलटिमेट गेम। खेलते हुए लगता है नेचर, ब्रह्मांड, ब्रह्म के साथ सीधे मैच हो रहा है। यह खेल है या बिल्स। लोग कहते हैं संगीत साधना है, मैं कहता हूँ गोल्फ साधना है, खेल-का-खेल, साधना-की-साधना।

लेकिन साहब पिछले हफ़्ते अपने पर अजीब गुज़री, अपना बचपन का लंगोटिया ब्रह्मस्वरूप उर्फ पिल्लू भारत से आया हुआ था। मैं उसे अपनी गोल्फ क्लब में ले गया और बता रहा था, 'आदमी एटम बम बनाने से सुपर पावर नहीं बनता, उसके लिए गोल्फ खेलना भी आना चाहिए। जैसे अमरीकी प्रेसीडेंट खेलते हैं। न्यूक्लिअर क्लब की सदस्यता लेने से पहले गोल्फ क्लब के सदस्य तो बनो। ब्रह्मस्वरूप ने हरा-भरा मैदान क्या देखा- अपनी जेब से छोटी-सी लकड़ी का एक टुकड़ा निकाला और बोला, 'ज़रा अपना डंडा देना।' मैंने पूछा, 'क्या मतलब? बोला, 'गुल्ली-डंडा खेलेंगे।ऋ

मैंने दाएँ-बाएँ देखा, कहा, 'ब्रह्मस्वरूप होश में तो हो।ऋ वह बोला, 'यार भारत में खेलने के लिए इतना बड़ा मैदान ही नहीं मिला, और तुम्हारे साथ बिताए बचपन के वह दिन याद करना चाहता हूँ जब हम गुल्ली-डंडा खेला करते थे... मैं तुम्हें पदाता था और तुम पदते थे? यहाँ दस कोर्स तक पदाऊँगा। याद नहीं गुल्ली डंडे में तुम्हारी मेरी दिलचस्पी की वजह से बचपन में मुझे पिल्लू और तुम्हें गुल्लू बुलाया करते थे।' मैंने कहा, 'ब्रह्मस्वरूप? कहाँ गोल्फ, कहाँ गुल्ली-डंडा।' उसने गुल्ली ग्रीन पर रख दी। मुझे लगा कालीन जैसी बारीक हरी घास की इनसल्ट हो गई। मैंने उसी वक्त उठा ली गुल्ली, 'यार तू मेरी मेंबरशिप कैंसिल करवाएगा।'

वह बोला, 'आइडिया कैसा है...गुल्ली डंडा इन गोल्फ कोर्स। कभी इस पिच पर खेल रहे हैं, कभी उस पिच पर। गुल्ली कोर्स। गुल्ली कोर्स सुनकर मेरे मुँह का ज़ायका कुछ ऐसा बिगड़ा कि उसके बाद 'टीऋ पर बॉल रखूँ तो गुल्ली नज़र आए...। वह बोलता रहा, 'अगर सोचो गुल्ली-डंडा खेलने के लिए गोल्फ खेलने से ज़्यादा कंसेंट्रेशन चाहिए। कैल्कुलेशन भी अच्छी आनी चाहिए।

चिंतन-मनन

क्या है शुद्ध अहिंसा!

गांधी जी ने अपने जीवन में अहिंसा के विविध प्रयोग किए। वे एक वैज्ञानिक थे। उनका जीवन प्रयोगशाला था। उनका प्रारंभिक और अंतिम साहित्य देखने से यह तथ्य भलीभांति स्पष्ट हो जाता है। बड़े जीव की सुरक्षा के लिए छोटे जीव को मारने में वे पाप बताते थे। खती को हानि पहुंचाने वाले बंदर, हिरण तथा अन्य जहरीले जानवरों को मारने में भी वे पाप मानते थे। यद्यपि आवश्यकतावश उन्होंने जीवों को मारने की इजाजत भी दी, पर उसे शुद्ध अहिंसा कभी नहीं माना। मेरे सामने भी ऐसे प्रश्न आते हैं कि बिल्ली चूहे को मारती है तो उसे बचाना अहिंसा है या नहीं? मैं कहता हूं कि बचाना या बिल्ली को भगाना आपका काम है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करता, किंतु इसे शुद्ध अहिंसा नहीं माना जा सकता। शुद्ध अहिंसा वही है जहां हिंसक का दिल बदले। बिल्ली से आप चूहे को बचा सकेंगे, किंतु उसे अहिंसक नहीं बना सकते। बूचड़खाने में पैसा देकर आप जानवरों को बचा सकते हैं, किंतु ऐसा करके आप कसाई को अहिंसक नहीं बना सकते। मैं किसी को बचाने में अवरोधक नहीं बनता। किंतु मेरा वास यह है कि अहिंसा और धर्म को पैसों से खरीदा नहीं जा सकता। डंडे के बल से भी अहिंसा नहीं हो सकती। वह तो किसी के दिल को बदलने से ही हो सकती है। आज धार्मिकों की स्थिति बड़ी दयनीय है। उन्हें देखकर दिल में दर्द होता है। जैसे-तैसे शोषण से पैसे का अर्जन करते हैं, फिर उससे किसी मंदिर का फर्श और धर्मशाला बनाकर या सदाव्रत खोलकर मन से सोचते हैं कि हमने धर्म किया है।

स्वास्थ्य

पर्याप्त फाइबर लेने से पाचन तंत्र बेहतर तरीके से करता है काम

सेहतमंद रहने के लिए भोजन में जरूरी पोषक तत्वों का संतुलित होना भी बेहद जरूरी है। नियमित रूप से पर्याप्त फाइबर लेने से पाचन तंत्र को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिल सकती है और भोजन के बाद पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस हो सकता है। इन्हीं में डाइटरी फाइबर की अहम भूमिका होती है। फाइबर मुख्य रूप से पौधों से मिलने वाले खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। फल, सब्जियां, दालें, फलियां, नट्स और साबुत अनाज इसके अच्छे स्रोत माने जाते हैं। आम तौर पर वयस्कों को प्रतिदिन करीब 25 से 38 ग्राम फाइबर लेने की जरूरत बताई जाती है।

हालांकि, उम्र और लिंग के अनुसार इसकी जरूरत अलग-अलग हो सकती है। बहुत से लोग अपनी रोजाना की डाइट में पर्याप्त फाइबर नहीं ले पाते। ऐसे में भोजन में फाइबर वाले खाद्य पदार्थों को धीरे-धीरे बढ़ाना उपयोगी हो सकता है। फाइबर बढ़ाने के लिए सबसे पहले पूरे फलों को डाइट में शामिल किया जा सकता है। सेब, नाशपाती, संतरा, अमरूद और बेरीज जैसे फल फाइबर के साथ कई अन्य पोषक तत्व भी देते हैं। फल खाने के दौरान जूस की तुलना में पूरा फल बेहतर विकल्प माना जाता है, क्योंकि पूरे फल में फाइबर मौजूद रहता है। सब्जियां भी फाइबर का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। हरी सब्जियों के अलावा गाजर, मटर और बीन्स जैसी सब्जियों को रोज के भोजन में शामिल किया जा सकता है।

उपद्रवियों का आतंक

बदमाशों ने की पत्थरबाजी, तीन कारों के कांच तोड़े, आधी रात को रहवासियों में फैली दहशत

इंदौर।

पुलिस की निष्क्रियता के चलते शहर में बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद नजर आ रहे हैं। राज नगर इलाके से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां अज्ञात उपद्रवियों ने रात के वक्त खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते हुए जमकर पथराव किया। इस अचानक हुई पत्थरबाजी की घटना में तीन कारों के कांच बुरी तरह चकनाचूर हो गए। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद से रहवासियों में भारी दहशत और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है और



आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज नगर क्षेत्र में बीती रात असामाजिक तत्वों ने सुनसान सड़क का फायदा उठाया और वहां पार्क की गई गाड़ियों पर अचानक पथराव शुरू कर दिया। हमलावरों ने इतनी तेजी से पत्थर बरसाए कि कम से कम तीन कारों के विंडशील्ड और खिड़कियों के कांच पूरी तरह टूट गए। जब तेज आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकले, तब तक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही छत्रीपुरा और चंदन नगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने पीड़ित वाहन मालिकों से पूछताछ की और घटनास्थल का मुआयना किया। बदमाशों का सुराग लगाने के लिए पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि उपद्रवियों की पहचान की जा सके और उनके भागने के रास्तों का पता लगाया जा सके।

रहवासियों में आक्रोश, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

इस घटना के बाद से राज नगर और आसपास के इलाकों के लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात के समय इलाके में पुलिस गश्त (पेट्रोलिंग) बढ़ाई जाए, ताकि इस तरह की आपराधिक और उपद्रवी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बदमाशों ने एरोड्रम क्षेत्र में कारों के कांच फोड़े

रविवार देर रात बदमाशों ने एरोड्रम थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिरुपति नगर और बिजासन कॉलोनी में घरों के बाहर खड़ी आधा दर्जन से अधिक कारों के कांच फोड़ दिए।

घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह जब लोग घरों के बाहर निकले तो अपनी कारों के कांच फूट हुए देख दंग रह गए। लोगों के मुताबिक देर रात बदमाशों ने बेसबाल के डंडे से गाड़ियों के कांच फोड़े हैं। सूचना मिलते ही एरोड्रम पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुट के फुटेज चेक कर रही है। ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा जा सके।

अभियान के तहत सैनिक सम्मेलन का आयोजन 9 को

इंदौर। इंदौर जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासरत पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के लिए आगामी 09 अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 11.30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर के सभागार में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कमांडर नगेश चंद्र मालवीय (से.नि.) ने बताया कि सम्मेलन के दौरान पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं, आश्रितों एवं वीर नारियों की समस्या का समाधान एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सभी पूर्व सैनिकों एवं आश्रित परिवारों से आग्रह किया गया है कि 09 अक्टूबर 2026 को सुबह सवा 11 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय इंदौर के सभागार में उपस्थित रहकर इस अवसर का उचित लाभ लेवें।



बुंदेली और भोजपुरी गीतों ने खूब जमाया रंग

विद्यापति स्मृति समारोह का हुआ संगीतमय समापन

इंदौर।

देश के अलग-अलग क्षेत्रों में बोली जाने वाली बोलियां जैसे अवधी, ब्रज, बुंदेली या भोजपुरी हर भाषा में मिट्टी की खुशबू और अपनेपन का मीठापन है...। यह बात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कही। वे भोजपुरी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने वाराणसी से पधारी सरोज वर्मा और उनके साथी कलाकारों का सम्मान किया। इस मौके पर एमआईजी सदस्य बबलू शर्मा एवं महापौर प्रतिनिधि भरत पारख, लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश कड़ोतिया, इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, अध्यक्ष दीपक कर्दम, महासचिव प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित यह समारोह में मैथिली और संस्कृत के महान कवि विद्यापति जी के काव्य और उनकी स्मृति को समर्पित था।

महिला से चेन झपटने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

सीसीटीवी फुटेज में चोरी का सोना खरीदने वाला सुनार भी शिकंजे में

इंदौर।

अन्नपूर्णा पुलिस ने चेन स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। शहर में महिलाओं को निशाना बनाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा योगदान सीसीटीवी फुटेज का रहा, जिसकी मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। खास बात यह है कि इस कार्रवाई में सिर्फ बदमाश ही नहीं, बल्कि उनका साथ देने वाला और चोरी का माल खरीदने वाला सुनार भी पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई एक्टिवा स्कूटी भी जब्त कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शकुंतला पति रविंद्र कुमार दोषी 70 साल निवासी उषा नगर के गले से एक्टिवा सवार दो बदमाश सोने की चेन खींचकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। एक कैमरे में दोनों आरोपी एक्टिवा पर सवार होकर महिला के करीब आते और पलक झपकते ही चेन झपटकर फरार होते हुए साफ नजर



आए। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने आरोपियों के छिपने के ठिकाने का पता लगाया और अनुराग सुनहरे और अमित करी को पकड़ा।

पुलिस द्वारा की गई कड़ी पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उन्होंने बताया कि वे सुनसान सड़कों या बाजार में अकेली महिलाओं को अपना शिकार बनाते थे। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी चोरी की गई चेन को शहर के एक सुनार को बेचते थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

610 से अधिक नागरिकों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

इंदौर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत संचालित सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत आज शासकीय बाणगंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, इंदौर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सांसद श्री शंकर लालवानी एवं पूर्व विधायक श्री आकाश विजयवर्गीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में 140 आभा आईं का निर्माण तथा 20 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्रिय भूमिका निभाई।

स्वास्थ्य शिविर में 610 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के साथ नागरिकों को विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं, आयुष्मान भारत योजना तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक परामर्श भी दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी शहरी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी-बाणगंगा डॉ. सुषमा बोरीवाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बाणगंगा की संस्था प्रभारी डॉ. शैफाली ओझा सहित चिकित्सकीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

रिटायर्ड एसआई से 40 लाख की ठगी: आरोपी गिरफ्तार

बेटे के बिजनेस के लिए 50 लाख का सरकारी लोन दिलाने का झांसा देकर की धोखाधड़ी

इंदौर।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में ठगी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर गोविंद सिंह उनके बेटे के कारोबार के लिए 50 लाख रुपये का आसान सरकारी लोन दिलाने का झांसा देकर 40 लाख रुपये की बड़ी रकम ठग ली गई। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सरताज अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। पीड़ित रिटायर्ड स्व गोविंद सिंह तंवर 71 साल निवासी परसपर नगर अपने बेटे के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता यानी लोन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात आरोपी सरताज अहमद नामक व्यक्ति से हुई। आरोपी ने अपनी चिकनी-चुपड़ी बातों और खुद को बड़े सरकारी अधिकारियों व विभागों में मजबूत पहुंच वाला बताकर पीड़ित का विश्वास जीत लिया। उसने भरोसा दिलाया कि वह बिना किसी परेशानी के 50 लाख रुपये का सरकारी लोन मंजूर करवा देगा। 40 लाख रुपये लोन पास कराने के नाम पर आरोपी ने अलग-अलग बहानों (जैसे प्रोसेसिंग फीस, सरकारी टैक्स, फाइल चार्ज और उच्च अधिकारियों की रिश्वत) के तहत पीड़ित से धीरे-धीरे करके कुल 40 लाख रुपये ले लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब न तो लोन पास हुआ और न ही आरोपी ने पैसे वापस किए, तब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित गोविंद सिंह तंवर ने राजेंद्र नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए धोखाधड़ी और संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सरताज अहमद को दबोच लिया। पुलिस अब यह खंगाल रही है कि इस ठगी के जाल में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या इन्होंने अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया है। बिचौलियों से सावधान रहें सरकारी लोन या योजनाओं के नाम पर किसी भी बाहरी एजेंट या बिचौलिए को नगद या ऑनलाइन एडवांस राशि न दें।

गांजा तस्करी मामले में बड़वानी से दो मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

इंदौर। शहर में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 4 किलो 64 ग्राम अवैध गांजा तस्करी के मामले में कड़ियों को जोड़ते हुए बड़वानी जिले से दो मुख्य सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में पकड़े गए आरोपी से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है, जिसके बाद प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 भी बढ़ा दी गई है।

क्राइम ब्रांच टीम ने चाणक्यपुरी चौराहे के पास सर्विस रोड (महर्षि गौतम उद्यान के पास,) चेकिंग के दौरान आरोपी सागर गौड़ (निवासी बाणगंगा) को 4.064 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी सागर गौड़ से हुई गहन पूछताछ और बैकवर्ड लिंकेज के सुरागों के आधार पर क्राइम ब्रांच ने बड़वानी जिले में दबिश देकर मोहन शर्मा (निवासी सेंधवा) और महेश सोलंकी (निवासी निवाली बड़वानी) को गिरफ्तार किया है।

सोशल मीडिया पर सक्रिय हुए फर्जी टिकट बेचने वाले साइबर ठग, रहें सावधान !

भारत-वेस्टइंडीज़ टी- 20 मैच से पहले पुलिस की कड़ी चेतावनी

इंदौर।

होलकर स्टेडियम में आगामी 11 अक्टूबर 2026 को होने वाले भारत और वेस्टइंडीज़ के रोमांचक टी-20 मुकाबले को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह और टिकटों की भारी मांग है। इस हाई-प्रोफाइल मैच की आड़ में सक्रिय हुए साइबर ठग सोशल मीडिया के जरिए आम नागरिकों को अपना शिकार बना रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने एक विशेष जन-जागरूकता एडवाइजरी जारी कर नागरिकों से ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी के प्रति पूरी तरह सतर्क रहने की अपील की है। क्रिकेट मैच के टिकटों की भारी मांग और सिक्षित का फायदा उठाकर साइबर अपराधी विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय हो गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि ठगों का यह गिरोह मुख्य रूप से इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है-

लुभावने विज्ञापन- फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर सस्ते दामों पर टिकट, गैलरी पास और अतिरिक्त टिकट उपलब्ध जैसे आकर्षक संदेश प्रसारित किए जाते हैं। लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए ठग असली टिकटों के फोटो, स्क्रीनशॉट और फर्जी बुकिंग रसीदें व्हाट्सएप पर भेजते हैं। इसके बाद वे टिकट की कुल राशि का 20 से 25 प्रतिशत एडवांस पेमेंट या पूरा भुगतान किसी यूपीआई नंबर या क्यूआर कोड पर भेजने की शर्त रखते हैं। फर्जीवाड़ा और ब्लैकमेल- भुगतान प्राप्त होने के बाद ठग फर्जी ई-टिकट या क्यूआर कोड थमा देते हैं, या फिर टिकट डिलीवरी के नाम पर और पैसों की मांग कर संपर्क तोड़ लेते हैं।

इंदौर की बेटी ने संघर्ष से रचा गौरव

राधिका ने सीबीएसई नेशनल फेंसिंग में टॉप-10 में जगह बनाई

इंदौर।

मां स्कूल में सफाईकर्मी और पिता ऑटो चालक हैं। घर की आर्थिक परिस्थितियां सीमित हैं, लेकिन बेटी के सपनों की उड़ान बड़ी है। 12 वर्षीय राधिका सहीते ने अपनी मेहनत और जज्बे से इन परिस्थितियों को पीछे छोड़ते हुए सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप में टॉप-10 में जगह बनाकर परिवार और इंदौर का नाम रोशन किया है। श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 की छात्रा राधिका ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर (उत्तराखंड) में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित द्वितीय सीबीएसई नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप-2026 के अंडर-14 ईपी इवेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उसने पूल के सभी मुकाबले जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल एलिमिनेशन राउंड तक जगह बनाई और टॉप-10 रैंक हासिल की। राधिका पिछले चार वर्षों से फेंसिंग का प्रशिक्षण ले रही हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का यह उनका पहला अवसर था। खास बात यह भी रही कि पहली बार ट्रेन में सफर कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंची राधिका ने पहली बार



शताब्दी एक्सप्रेस में भी यात्रा की। एक साधारण परिवार की इस बेटी के लिए यह सफर खेल के साथ सपनों की ओर बढ़ते कदमों का भी सफर रहा। राधिका की मां सुभद्रा सहीते श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल में सफाई कर्मचारी हैं, जबकि पिता दिलीप सहीते ऑटो चलाते हैं। बेटी की सफलता से भावुक पिता ने कहा, मेरी बेटी ने मेरा मान बढ़ाया है। मुझे उस पर गर्व है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उसके शानदार प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं।

सीमित संसाधन, लेकिन हौसला बड़ा

राधिका ने सीबीएसई नेशनल की तैयारी मास्टर सईद आलम के मार्गदर्शन और एनआईएस कोच सुमित्रा चंद्रवंशी के तकनीकी प्रशिक्षण में की।

फरार आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित

इंदौर।

थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर में दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी सपिन्दर सिंह पिता रतनसिंह, निवासी सेक्टर-65, मोहाली, पंजाब की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। प्रकरण के अनुसार आरोपी के विरुद्ध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध पूर्व में 2 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था, लेकिन आरोपी लगातार फरार है और गिरफ्तारी से बच रहा है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक, नारकोटिक्स विंग, इंदौर श्री कुमार प्रतीक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी अथवा गिरफ्तारी करवाने संबंधी सूचना देने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

बजाज फाइनेंस के नाम पर ठगी का जाल, तीन लोगों से 75 हजार ठगे

इंदौर।

पुलिस कमिश्नर की तमाम सख्त चेतावनियों और साइबर सुरक्षा अभियानों के बावजूद साइबर ठगों के हौसले बुलंद बने हुए हैं। शहर के बाणगंगा और शिप्रा थाना क्षेत्रों में साइबर धोखाधड़ी के तीन नए मामले सामने आए हैं, जहाँ शातिर ठगों ने खुद को फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर भोले-भाले नागरिकों को आसान लोन का झांसा दिया और हजारों रुपए की ठगी की अंजाम दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिल्या आश्रम निवासी 26 वर्षीय हरिश्चंद्र पुत्र नरेश कुमार बरेटा के पास 30 सितंबर को एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनका एक लाख रुपए का लोन स्वीकृत हो गया है। इसके बाद प्रोसेसिंग फीस और अन्य



शुल्कों के नाम पर हरिश्चंद्र से 25 हजार रुपए से अधिक की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ली गई। दूसरी घटना राजा बाग कॉलोनी निवासी 36 वर्षीय विनोद पुत्र किशोर के साथ भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी हुई। 27 सितंबर को एक अज्ञात युवक ने फोन कर उनसे संपर्क किया और विभिन्न बहानों से 25 हजार रुपए से अधिक की रकम ठग ली।

तीसरी घटना (शिप्रा थाना क्षेत्र) में हुई। शिप्रा इलाके में रहने वाले 35 वर्षीय अर्जुन पुत्र विकास परमार को भी साइबर ठगों ने अपना शिकार बनाया। आरोपी ने फोन पर बजाज फाइनेंस से लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे 26 हजार रुपए की राशि ठग ली।

पुलिस ने दर्ज किए मामले, साइबर सेल कर रही है पड़ताल

लगातार सामने आ रही इन वारदातों के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। बाणगंगा और शिप्रा थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं में मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस की तकनीकी विंग और साइबर सेल की टीम उन मोबाइल नंबरों (जैसे मामले में प्रयुक्त 9203471876) और बैंक खातों की कुंडली खंगालने में जुट गई है, जिनका इस्तेमाल ठगों ने पैसे ट्रांसफर कराने के लिए किया था। पुलिस ने नागरिकों से एक बार फिर अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन कॉल पर लोन या अन्य प्रलोभनों में आकर अपनी निजी जानकारी साझा न करें और न ही ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करें।

»न्यूज ब्रीफ

झगड़ा करते पांच बंदी

इंदौर। मल्हारगंज पुलिस ने कमला नेहरू कॉलोनी के पास आपस में झगड़ा करते हुए महेश पिता जगदीश यादव अशोक पिता विष्णु सोलंकी विनोद पिता रामनारायण वर्मा और दो अन्य को गिरफ्तार किया है।

निगम कर्मी को चाकू मारा

इंदौर। सुदामा नगर जोनल कार्यालय में पदस्थ निगम कर्मी कैलाश पिता ओमप्रकाश चौहान निवासी विदुर नगर को किसी बात के चलते दीपक पिता हंसराज मालवीय ने चाकू मार दिया है। जिसमें वह घायल हो गया।

बाइक में लगाई आग

इंदौर। फरियादी विजय पिता मूलचंद चंद्रवंशी निवासी स्कीम नंबर 78 ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में देर रात अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 326 का केस दर्ज किया है।

टक्कर से चाचा भतीजे घायल

इंदौर। नीलखा चौराहे पर कार की टक्कर से बाइक सवार राजेंद्र पिता ओमप्रकाश गोयल निवासी जानकी नगर और भतीजा मनीष गोयल घायल हो गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

झगड़ा करते पांच बंदी

मल्हारगंज पुलिस ने कमला नेहरू कॉलोनी के पास आपस में झगड़ा करते हुए महेश पिता जगदीश यादव अशोक पिता विष्णु सोलंकी विनोद पिता रामनारायण वर्मा और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

टक्कर से चाचा भतीजे घायल

नीलखा चौराहे पर कार की टक्कर से बाइक सवार राजेंद्र पिता ओमप्रकाश गोयल निवासी जानकी नगर और भतीजा मनीष गोयल घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पति सहित चार पर केस दर्ज

इंदौर। फरियादी अर्चना चौधरी 30 साल निवासी संगम नगर की रिपोर्ट पर पति पंकज चौधरी सास निर्मल चौधरी ससुर लक्ष्मी नारायण चौधरी और नंद नेहा चौधरी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

गुंडे से हथियार मिले

लसूडिया पुलिस ने शुभम सोलंकी से चाकू और नरेंद्र परमार से गुप्ती बरामद की है इसी प्रकार हीरानगर पुलिस ने निलेश गुर्जर से चाकू और दिलीप यादव से तलवार बरामद की है।

स्व. रामनिवास मंगल की प्रतिमा का हुआ अनावरण

गीता भवन ट्रस्ट के पूर्व प्रबंधक की स्मृति को किया नमन, वरिष्ठ समाजजन रहे मौजूद

देवास।

गीता भवन ट्रस्ट मंडल देवास के पूर्व प्रबंधक स्व. रामनिवास जी मंगल की प्रतिमा का अनावरण सोमवार को श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। रामद्वारा के महंत स्वामी श्री रामनारायण जी महाराज एवं श्री रामद्वारा देवास के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में ट्रस्ट के पदाधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ समाजजनों ने स्व. मंगल के व्यक्तित्व एवं सेवाओं को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम



में वक्ताओं ने कहा कि स्व. रामनिवास मंगल ने गीता भवन के प्रबंधक के रूप में लंबे समय तक निष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनके योगदान और सेवाभाव को सदैव याद किया जाएगा। उनकी प्रतिमा का अनावरण उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस अवसर पर रमेश चंद्र रघुवंशी, गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष शरद तिलकराज त्रेहन, ट्रस्टी प्रहलाद अग्रवाल, अशोक खंडेलिया, प्रदीप लाठी, मोहन अनंत, नारायण गोयल, लोकेश, रमेश चंद्र रघुवंशी, विनोद तिवारी, सुरेशचंद्र मंगल, हरिनारायण विजयवर्गीय, संजय शर्मा, अनाज मंडी अध्यक्ष संजय पोरवाल, मंडी धर्मशाला अध्यक्ष प्रेम भूतड़ा, मंडी कार्यकारिणी से अशोक विजयवर्गीय एवं कल्याण भूतड़ा, ब्रह्माकुमारी बहन प्रेमलता दीदी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी (छोटू), लोकेश विजयवर्गीय, रामेश्वर जलोदिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने स्व. रामनिवास मंगल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके सेवाकार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



ग्रामीण चार्ज तकनीकी सहायकों को दिया प्रशिक्षण

मंदसौर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर ग्रामीण चार्ज अधिकारियों, अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों, चार्ज वलर्क एवं तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से ई-दक्ष केंद्र, मंदसौर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के द्वितीय चरण के अंतर्गत संपादित किए जाने वाले कार्यों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने के साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है, ताकि जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

बलराम कृषि महोत्सव

जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी, अतिथियों ने किया अवलोकन



नीमच।

बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर कृषि उपज मंडी चंगेरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि यंत्रों तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, जिला सहकारी बैंक, कृषि विपणन, उद्यानिकी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव एवं प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर पहुंचकर किसानों के लिए संचालित योजनाओं, कृषि तकनीकों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

राज्य स्तर पर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे रतलाम के चयनित विद्यार्थी



रतलाम।

जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री सिमरन सूर्यवंशी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत 6 अक्टूबर को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टी.टी. नगर, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए रतलाम जिले से चयनित विद्यार्थियों का दल सोमवार को प्रात: 7:15 बजे रतलाम रेलवे स्टेशन से भोपाल के लिए रवाना हुआ। जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवगढ़ की कु. नव्या नागरिया ने प्रथम, शासकीय हाईस्कूल घटाला के खुशाल सिंह परमार ने द्वितीय, शासकीय माध्यमिक विद्यालय तालिदाना की कु. हर्षिता बामनिया ने तृतीय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलियाजोधा की कु. प्रियंका धाकड़ ने चतुर्थ तथा शासकीय हाईस्कूल केलकच्छ के विकास जोड़िया ने पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में संस्कार एकेडमी भूतिया, विकासखंड आलोट के विद्यार्थी हर्षवर्धन सिंह झाला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के साथ मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर की मधु परिहार तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलियाजोधा के अशोक कुमार बंसल को नियुक्त किया गया है।

बच्ची को तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी टक्कर

सिर में लगे टांके, आरोपी फरार

देवास।

शहर के गौरव नगर में घर के बाहर खेल रही 5 साल की बच्ची यशस्वी पवार को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्ची बाइक की चपेट में आने के बाद 6 फीट तक घिसटती चली गई। इस हादसे में यशस्वी के सिर में चोट आई। 2 से 3 टांके लगे हैं। घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। पूरी घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। हादसा 1 अक्टूबर की रात हुआ था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि यशस्वी घर के गेट से बाहर आ रही थी। तभी बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसा होते ही आसपास के लोग और परिजन बच्ची को अस्पताल ले गए।



आयुष्मान कार्ड से उपचार हुआ आसान

मंदसौर। पूरे देश की तरह मंदसौर जिले में भी आयुष्मान कार्ड ने गरीब व्यक्तियों के उपचार की चिंता को हल कर दिया है। इसके पहले जब भी कोई गरीब व्यक्ति गंभीर बीमार हो जाता था तो चिंता हो जाती थी कि उपचार का पैसा कहां से आएगा। लेकिन आयुष्मान कार्ड आने से गरीब की चिंता का समाधान हो गया है अब आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क हो रहा है। मंदसौर जिले के गरोठ तहसील के कोटडाखुर्द के रहने वाले जीवन बैरागी के गले की हड्डी टूट गई थी।

ट्रक ड्राइवर की हादसे में मौत, माल लेकर मुंबई जा रहा था युवक

देवास। जिले के टोंकखला क्षेत्र में शनिवार देर रात सड़क हादसे में राजौरी के 26 वर्षीय ट्रक ड्राइवर मोहम्मद साजिद की मौत हो गई। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पहचान नहीं होने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रविवार को ट्रक ड्राइवरों के ग्रुप में हादसे की जानकारी पहुंची। जिसके बाद साजिद के दोस्त इरफान ने अस्पताल पहुंचकर उसकी पहचान की। इरफान को हादसे की जानकारी मिली तो वह जिला अस्पताल पहुंचा। उसने शव की पहचान मोहम्मद साजिद के रूप में की। साजिद मुंबई से माल लेकर जा रहा था, तभी उसका ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पहचान होने के बाद इरफान ने राजौरी में साजिद के परिवार से बात की। परिजनों ने देवास आने में असमर्थता जताई इसके बाद इरफान ने साजिद का शव राजौरी पहुंचाने का फैसला किया।

वैष्णवी और लक्ष्मी जाएगी ताशकंत उज्बेकिस्तान वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए

देवास।

शहर की 2 होनहार खिलाड़ी वैष्णवी नीरज झाला और लक्ष्मी राम प्रसाद मालवीय का चयन 5 से 12 दिसंबर 2026 को ताशकंत उज्बेकिस्तान में पांचवीं जूनियर और बीसवीं सीनियर वर्ल्ड पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के लिए हुआ है। दोनों ही खिलाड़ी पहले जूनियर और सीनियर एशियन पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में पदक जीत चुके। 3 दिसंबर को दिल्ली रवाना होंगे। वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम गौरवान्वित करने को दोनों ही खिलाड़ी लालियत हैं। सुबह शाम



निरंतर अभ्यास कर रहे है। खिलाड़ियों के चयन होने पर खेल विभाग के जिला खेल अधिकारी सेना मेम ,जावेद सर यूनिवर्सल मार्शल आर्ट अकादमी और पेंचक सिलाट एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष प्रमोद डोंगरिया, सचिव अभय श्रीवास, कोषाध्यक्ष संदीप जाधव और समस्त पालकगण और खिलाड़ी ने बधाई दी।

योग के शारीरिक, मानसिक महत्व बताये

नीमच। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग, जिला नीमच द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीमच में योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। शिविर में करीब 700 विद्यार्थियों एवं 40 विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी।

नवरात्र से पहले खुलेगा अन्न क्षेत्र



देवास। माता टेकरी पर श्रद्धालुओं को अब भोजन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। करीब एक महीने से बंद पड़ा अन्न क्षेत्र नवरात्र से पहले फिर से शुरू होने जा रहा है। मंदिर समिति ने इसके संचालन की तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार से अन्न क्षेत्र में सफाई और रंग-रोगन का काम कराया गया। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा काफी अहम है। समिति के अनुसार, काम तेजी से पूरा किया जा रहा है और एक-दो दिन में अन्न क्षेत्र दोबारा खोल दिया जाएगा। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर ने बताया कि भोजन प्रसादालय जल्द शुरू होगा। नवरात्र में माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

सात देशों के 16 विदेशी टूर ऑपरेटर्स ने जाना महेश्वर के ग्रामीण पर्यटन का अनूठा अनुभव

नावड़ा तोड़ी एवं बोथू में नर्मदा, प्राकृतिक होमस्टे, कृषि और निमाड़ी संस्कृति से हुए रूबरू ग्रामीण पर्यटन के साथ लोकमाता अहिल्यादेवी की ऐतिहासिक विरासत से भी हुए परिचित

खरगोन।

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट-2026 के अंतर्गत सात देशों से आए 16 विदेशी टूर ऑपरेटर्स के प्रतिनिधिमंडल ने महेश्वर क्षेत्र के ग्रामीण पर्यटन गांव नावड़ा तोड़ी एवं बोथू का भ्रमण किया। विदेशी मेहमानों ने यहां नर्मदा नदी, ग्रामीण जीवन, प्राकृतिक होमस्टे, कृषि, स्थानीय खान-पान एवं निमाड़ी लोक संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।

पर्यटन नोडल अधिकारी श्री नीरज अमझरे ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल का नावड़ा तोड़ी के रामघाट पर ग्रामीण पर्यटन हितग्राहियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इसके बाद नाव के माध्यम से प्रतिनिधिमंडल बोथू नर्मदा घाट पहुंचा, जहां ग्रामीण परिवेश में संचालित होमस्टे का भ्रमण किया।

स्थानीय मिट्टी एवं प्राकृतिक संसाधनों से निर्मित पारंपरिक आवासों को देखकर विदेशी प्रतिनिधियों ने ग्रामीण पर्यटन की अवधारणा और



स्थानीय जीवनशैली को समझा।

भ्रमण के दौरान विदेशी टूर ऑपरेटर्स ने गांव में केले एवं पपीते की खेती का अवलोकन किया तथा कृषि आधारित ग्रामीण जीवन के बारे में जानकारी ली। उन्हें स्थानीय पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिनमें केले, छाछ, नींबू पानी सहित अन्य स्थानीय खाद्य पदार्थ शामिल रहे। ग्राम की निमाड़ी भजन मंडली द्वारा गीत, संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति ने विदेशी मेहमानों को निमाड़ की लोक संस्कृति से रूबरू कराया। कलेक्टर श्री गुरु प्रसाद के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा लोकमाता अहिल्यादेवी जी के जीवन एवं उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर आधारित प्रकाशित पुस्तिका सभी विदेशी आगंतुकों को भेंट की गई।

पेयजल के लिए ग्रीष्म ऋतु के लिए पृथक कार्ययोजना

जल उपलब्धता के अनुरूप 55,078 हेक्टेयर रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित

झाबुआ।

कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में सोमवार को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के जलाशयों में उपलब्ध जल की स्थिति, रबी सिंचाई लक्ष्य, पेयजल आरक्षण, लंबित जलकर राजस्व की वसूली तथा आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में समिति के सचिव एवं कार्यपालन यंत्री श्री विपिन पाटीदार ने अवगत कराया कि वर्तमान में जिले की कुल 255 सिंचाई योजनाओं में 57.61 प्रतिशत उपयोगी जल भराव उपलब्ध है, जबकि गत वर्ष यह 100 प्रतिशत था।

उपलब्ध जल की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष रबी सीजन में 55 हजार 78 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है, जबकि गत वर्ष रबी सिंचाई का लक्ष्य 70 हजार 561 हेक्टेयर था। बैठक में उपलब्ध जल की मात्रा के दृष्टिगत यह



निर्धारित किया गया कि पानी की कमी के कारण रबी फसलों के लिए किसानों को सिंचाई हेतु केवल दो पानी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

कलेक्टर डॉ. भरसट ने कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को किसानों को जल उपलब्धता के अनुरूप फसल चयन के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के किसानों से भी आह्वान किया कि वर्तमान जल उपलब्धता को देखते हुए कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली एवं सूखा प्रतिरोधी फसलों की किस्मों को प्राथमिकता दें, जिससे पानी की कमी के कारण किसानों को वित्तीय नुकसान का सामना न करना पड़े। बैठक में माही बांध एवं जिले की लघु सिंचाई योजनाओं से कुल 33.37 एमसीएम पानी पेयजल प्रयोजन के लिए आरक्षित किया गया।

साथ ही जल संसाधन विभाग का नगरीय निकायों, मध्यप्रदेश जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं औद्योगिक संस्थाओं पर लंबित 268.42 लाख रुपये के राजस्व की वसूली के संबंध में भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. भरसट ने विद्युत वितरण कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए।

नवरात्रि में गूंजेगा सनातन संस्कृति का उद्घोष निशुल्क गरबा और पारिवारिक माहौल में होगा

देवास।

संस्था श्री छत्रपति शिवाजी द्वारा मोती बंगला स्थित श्री गुरुटेकचंद धर्मशाला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवरात्रि महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपराओं के साथ किया जाएगा। आयोजन को लेकर संस्था की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संस्था संयोजक मिलिंद सोलंकी ने तैयारियों की जानकारी दी। संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मां की आराधना, पूजा-पाठ, सनातन गरबा एवं सामूहिक भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



संस्था द्वारा गरबा मंडलों, शहर की युवा पीढ़ी एवं प्रबुद्धजनों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया है। संस्था का प्रयास है कि निशुल्क गरबा आयोजन के माध्यम से युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया से कुछ समय दूर कर परिवार और समाज के साथ संस्कारपूर्ण वातावरण में जोड़ा जाए। संस्था ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार और बच्चों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचकर नो दिवसीय नवरात्रि महोत्सव को सफल बनाएं।

विधायक ने किया 12 करोड़ के सीसी रोड का भूमि पूजन

देवास।

वार्ड 16 में बिंजना रेलवे स्टेशन से सर्वोदय नगर तक लोक निर्माण विभाग द्वारा 12 करोड 46 लाख की लागत से किये जाने वाले सीसी रोड का भूमि पूजन विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पावर के द्वारा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, वार्ड पार्षद व निगम लोक निर्माण समिति अध्यक्ष गणेश पटेल, अवंतिका फूड्स कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर उमेश सहारा के साथ किया गया।

इस अवसर पर विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों का विकास भी अधुरा नही है। हमारे द्वारा पूरे विधासभा क्षेत्र



में विकास की इस गंगा को तेज गति से बहने के लिये सदैव हमारी सरकार आप सबके साथ है। विधायक ने कहा कि इस रोड के बनने से बिंजना, सर्वोदय नगर के आसपास के क्षेत्र सीधे औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ेगें।

जिससे आवागमन मे आ रही कठिनाईयां दूर होगी ओर पूरे क्षेत्र में बारिश में किचड की समस्याओं का समधान भी होगा साथ ही आसपास के किसानों व श्रमिकों को आवागमन में सुविधा होगी। इस अवसर पर नेता सत्तापक्ष नेता मनीष सेन, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नवगोत्री सुरेश सिलोदिया, भाजपा नेता भारत चौधरी, जुगनू गोस्वामी, पार्षद राजेन्द्र ठाकुर,राजा अकोदिया, इरफान अली, राहुल पटेल, एल्डरमेन अर्जुन चौधरी दुर्गेश चौलोरिया, रामबाबू कुमावत, लाखन सिंह ठाकुर, कैलाश कुमावत, अनिल पाठक नरेंद्र शर्मा, शहजाद अली सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे है।

अश्विन से मार्गशीर्ष तक 6 बार नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल, विजयादशमी पर दशहरा मैदान पहुंचेंगे

उज्जैन।

उज्जैन में अश्विन से मार्गशीर्ष तक भगवान महाकाल छह बार चांदी की पालकी में नगर भ्रमण करेंगे। विजयादशमी पर अवंतिकानाथ राजा के रूप में दशहरा मैदान पहुंचकर शमी वृक्ष का पूजन करेंगे, जबकि वैकुंठ चतुर्दशी पर श्रीहरि विष्णु से मिलने गोपाल मंदिर जाएंगे। कार्तिक-अगहन मास में निकलने वाली सवारियों में भगवान महाकाल शिप्रा तट पर तीर्थपूजन की परंपरा भी निभाएंगे।

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की समृद्ध पूजन परंपरा में आने वाले तीन माह विशेष होंगे। अश्विन से मार्गशीर्ष तक भगवान महाकाल छह बार चांदी की पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। विजयादशमी पर अवंतिकानाथ राजा के रूप में दशहरा मैदान पहुंचकर शमी वृक्ष का पूजन करेंगे, जबकि वैकुंठ चतुर्दशी पर श्रीहरि विष्णु से मिलने गोपाल मंदिर जाएंगे। कार्तिक-अगहन मास में निकलने वाली सवारियों में भगवान महाकाल शिप्रा तट पर तीर्थपूजन की परंपरा भी निभाएंगे।

महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में श्रावण-भाद्रपद की सवारियां सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं, लेकिन भगवान महाकाल का नगर भ्रमण केवल इन दो महीनों तक सीमित नहीं है। विजयादशमी, कार्तिक और अगहन मास में भी विशेष पर्वों के अवसर पर सवारी निकलती है। इस बार अश्विन से मार्गशीर्ष तक इन परंपराओं के छह अवसर आएंगे। इनमें 20 अक्टूबर को दशहरा की सवारी विशेष होगी, क्योंकि इसी दिन भगवान महाकाल साल में एक बार फ्रीगंज क्षेत्र में प्रवेश कर दशहरा मैदान पहुंचेंगे।

महाकाल उज्जैन के राजा, इसलिए निभाते हैं विजय की परंपरा- विजयादशमी पर भगवान महाकाल की सवारी राजसी परंपरा का प्रतीक मानी जाती है। दशहरा मैदान पहुंचकर अवंतिकानाथ शमी वृक्ष का पूजन करेंगे। भारतीय परंपरा में शमी को विजय, शक्ति और मंगल का प्रतीक माना गया है। महाकाल को उज्जैन का अधिपति और राजा मानने की परंपरा में विजयादशमी का यह पूजन राजधर्म और लोकमंगल की भावना से जुड़ा है।



वैकुंठ चतुर्दशी पर होगा हरि-हर मिलन

कार्तिक मास की सवारी का सबसे महत्वपूर्ण प्रसंग वैकुंठ चतुर्दशी का होगा। 23 नवंबर की रात भगवान महाकाल की सवारी गोपाल मंदिर पहुंचेगी, जहां रात 12 बजे हरि-हर मिलन की परंपरा निभाई जाएगी। मान्यता है देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु शिव को सृष्टि का भार सौंपकर राजा बलि के यहां पाताल लोक चले जाते हैं। देवप्रबोधिनी एकादशी पर भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने और वैकुंठ आगमन के बाद वैकुंठ चतुर्दशी पर भगवान महाकाल श्रीहरि विष्णु को सृष्टि का भार सौंपने जाते हैं। गोपाल मंदिर में हरि हर मिलन इसी धर्म प्रसंग को जीवंत करता है।

सिंहस्थ की तैयारियों को गति, तीन मार्गों के चौड़ीकरण कार्य हुए प्रारंभ

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश

उज्जैन।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन से प्राप्त राशि के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा, बंबई वाले की धर्मशाला से दानी गेट तथा गुदरी चौराहा से पानदरीबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

सोमवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों के साथ इन मार्गों का स्थल निरीक्षण किया। आयुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा सभी आवश्यक कार्यों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने मार्गों पर सीवरेज कार्य, नाली निर्माण सहित अन्य आवश्यक कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने को कहा।



गाड़ी अड्डा-निकास चौराहा मार्ग चौड़ीकरण प्रारंभ- गाड़ी अड्डा से निकास चौराहा तक लगभग 1 किलोमीटर लंबे मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किया जाना है। मार्ग पर चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा रहवासियों द्वारा चिन्हित प्रभावित हिस्सों को स्वयं हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नगर निगम द्वारा नाली निर्माण का कार्य भी प्रचलित है।

बंबई वाले की धर्मशाला-दानी गेट मार्ग- बंबई वाले की धर्मशाला से दानी गेट तक लगभग 470 मीटर लंबे मार्ग को 18 मीटर चौड़ा किया जाना है। यहां भी क्षेत्रवासियों द्वारा सहयोग करते हुए अपने मकानों के चिन्हित हिस्से स्वयं हटाए जा रहे हैं, जिससे मार्ग चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने में सुविधा मिल रही है। गुदरी चौराहा से पानदरीबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक लगभग 570 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जाना है। इस मार्ग का धार्मिक एवं यातायात की दृष्टि से विशेष महत्व है। यह मार्ग बाबा महाकाल की सवारी के साथ-साथ सिंहस्थ की पेशवाई के प्रमुख मार्गों में शामिल है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है।

निगम आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चौड़ीकरण कार्य के दौरान सीवरेज, नाली निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए निर्धारित अवधि में मार्गों को व्यवस्थित रूप से तैयार किया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, राजकुमार राठौर, भवन निरीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

क्षेत्र के रहवासियों का मिल रहा सकारात्मक सहयोग

मार्ग चौड़ीकरण कार्य में क्षेत्र के रहवासियों द्वारा सकारात्मक सहयोग किया जा रहा है। रहवासी स्वयं अपने मकानों एवं प्रतिष्ठानों के चिन्हित प्रभावित हिस्सों को हटाने की कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे चौड़ीकरण कार्य को गति मिल रही है। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रहवासियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य को शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाए।

छात्र की बस में चढ़ते समय हार्टअटैक से मौत

उज्जैन। श्रीकृष्ण कॉलोनी में सोमवार सुबह 16 वर्षीय छात्र विधान कुशवाहा की स्कूल बस में चढ़ते समय कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) आने से मौत हो गई। फल व्यवसायी परिवार के इकलौते बेटे की अचानक मौत की खबर से हर कोई स्तब्ध रह गया। विधान की मां कविता की करीब 15 वर्ष पहले मौत हो गई थी। निधन से पहले उन्होंने अपने दूधमुंहे बेटे को उसके जेठ संजय कुशवाहा और जेठानी आशा को सौंप दिया था। संजय और आशा की कोई संतान नहीं थी, इसलिए उन्होंने विधान को सगे बेटे की तरह पाला। परिवार के लाडले बेटे की अचानक मौत से कुशवाहा परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं का छात्र विधान सोमवार सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। उसकी मां आशा उसे छोड़ने अंकपात रोड तक पहुंची थीं। स्कूल बस थोड़ी दूरी पर रुकी थी। विधान बस पकड़ने के लिए दौड़ा, तभी अचानक असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और आसपास मौजूद लोग उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



रावण दहन पर बढ़ा विवाद

ब्राह्मण समाज भेजेगा कानूनी नोटिस जवाब नहीं मिला तो कोर्ट जाएगा

उज्जैन।

महाकाल नगरी उज्जैन में आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा मैदान पर होने वाले पारंपरिक रावण दहन कार्यक्रम के विरोध में स्वर लगातार तेज होते जा रहे हैं। इस बार यह मामला केवल मौखिक विरोध तक सीमित न रहकर कानूनी मोड़ लेने जा रहा है। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने निर्णय लिया है कि रावण दहन का आयोजन करने वाली संस्थाओं को कानूनी नोटिस जारी कर शास्त्रोक्त जवाब मांगा जाएगा और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर माननीय न्यायालय में याचिका (पिटीशन) दायर की जाएगी। आगे जो भी हो, लेकिन अभी बाबा महाकाल की नगरी में एक तरफ रावण के विशालकाय स्वरूप का निर्माण किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ परंपरा के शास्त्रोक्त आधार को चुनौती देते हुए कोर्ट जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।



संस्थाओं को जारी होंगे नोटिस, मांगा जाएगा शास्त्रोक्त आधार

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के संस्थापक अध्यक्ष पं. महेश शर्मा के अनुसार, समाज लंबे समय से रावण दहन की प्रथा का विरोध करता आ रहा है। संस्था का स्पष्ट तर्क है कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था, दहन नहीं। केवल मनोरंजन या उत्सव के नाम पर रावण दहन करना शास्त्रों के अनुकूल नहीं है। वकील के माध्यम से शहर की चार प्रमुख आयोजन समितियों को कानूनी नोटिस भेजे जा रहे हैं। दशहरा मैदान उत्सव समिति, कार्तिक मेला दशहरा उत्सव समिति, शास्त्री नगर दशहरा समिति और सिद्धवट दशहरा समिति को नोटिस जारी किए जाएंगे। सभी संस्थाओं से नोटिस के जरिए यह सवाल पूछा जाएगा कि वे किस शास्त्र या धार्मिक आधार पर रावण का दहन कर रहे हैं।

जवाब न मिलने पर कोर्ट में पिटीशन और जनजागरण अभियान

संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि आयोजक समितियों द्वारा नोटिस का उचित और शास्त्रोक्त जवाब नहीं दिया जाता है, तो इसके तुरंत बाद कोर्ट में पिटीशन दायर कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही शहरभर में पोस्टर लगाकर लोगों, विशेषकर ब्राह्मण समाज से अपील की जाएगी कि वे रावण दहन कार्यक्रमों में शामिल न हों।

चौड़ीकरण वाले मार्गों पर अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - निगम आयुक्त

»नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण को हटाकर लगाया 05 हजार का जुर्माना

»अतिक्रमण गैंग को नियमित निगरानी एवं तत्काल कार्रवाई के निर्देश

उज्जैन।

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा चौड़े किए गए प्रमुख मार्गों पर अब किसी भी प्रकार का अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों एवं अतिक्रमण गैंग को ऐसे मार्गों पर लगातार निगरानी रखने तथा अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

निगम आयुक्त मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिन मार्गों का चौड़ीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां नालियों, फुटपाथ एवं सड़क किनारे दोबारा अतिक्रमण होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। चौड़ीकरण का उद्देश्य नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराना है, इसलिए इन मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार प्रातः शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ढाबा रोड स्थित माया बाजार क्षेत्र में नाली के ऊपर ब्लॉक लगाकर किए गए अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को पाया गया। निगम की रिमूवल गैंग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया तथा संबंधित के विरुद्ध 5,000 हजार का जुर्माना लगाया गया।



आयुक्त मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद मार्गों को पुनः अतिक्रमण मुक्त रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, ताकि यातायात सुचारु रहे और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो साथ ही दुकानदारों को भी स्पष्ट निर्देशित किया कि दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण न करें अन्यथा जपती के साथ-साथ प्रभावी चालानी कार्यवाही भी की जाएगी। उक्त कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, भवन निरीक्षक शिवम गुप्ता एवं नगर निगम की रिमूवल गैंग द्वारा की गई।



निनोरा तालाब में डूबे बालक का एसडीईआरएफ ने किया रेस्क्यू

उज्जैन। निनोरा टोल टैक्स के पास ग्राम निनोरा के तालाब में गाय चराते समय डूबे 15 वर्षीय बालक का शव एसडीईआरएफ और होमगार्ड की टीम ने करीब 10 घंटे की लगातार सर्चिंग के बाद बरामद कर लिया। मृतक की पहचान दीपक पिता मनोज राठौर, निवासी नवाखेड़ा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 4 अक्टूबर को बालक दीपक गाय चराते समय निनोरा स्थित तालाब में डूब गया था। स्थानीय नागरिकों से सूचना मिलने के बाद कंट्रोल रूम उज्जैन से होमगार्ड की 6 सदस्यीय एसडीईआरएफ टीम को रेस्क्यू के लिए रवाना किया गया। टीम ने गोताखोरी और बिलाई के माध्यम से करीब 6 घंटे तक लगातार सर्चिंग की, लेकिन तालाब की गहराई 60 से 70 फीट होने तथा बालक के डूबने की सही लोकेशन स्पष्ट नहीं होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड/एसडीईआरएफ संतोष कुमार जाट के निर्देश पर एक और 6 सदस्यीय टीम को आधुनिक आपदा उपकरणों के साथ मौके पर भेजा गया। दोनों टीमों ने तालाब के संभावित डूब क्षेत्र में डीप डाइविंग के साथ लगातार सर्चिंग अभियान चलाया। टीम के अथक प्रयासों के बाद करीब 10 घंटे की सर्चिंग में बालक का शव बरामद कर लिया गया। रेस्क्यू अभियान में शामिल जवानों के प्रयासों की सराहना करते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड/एसडीईआरएफ संतोष कुमार जाट ने जवानों को पुरस्कृत किया।

1107 को मौके पर ही दिया सरकारी योजनाओं का लाभ

उज्जैन।

नागरिकों को नगरनिगम सेवाओं की सुविधा देने के लिए रविवार को 6 जोन दफ्तर में लगे सेवा सेतु शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। 1222 लोगों ने शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था और इनमें से 1107 ने शिविर में भाग लिया। इन्हें सरकारी योजना की जानकारी दी गई और लाभ भी प्रदान किया गया। दरअसल, रविवार को जोन कार्यालयों में 'सेवा सेतु' शिविर लगाए गए थे। इनका मकसद नागरिकों को निगम की सुविधाओं का लाभ प्रदान करना था।



जोन-1 का शिविर पीपलीनाका दफ्तर में लगा। यह सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेशनाथ, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने उपस्थित दर्ज कराई। इन्होंने पात्रता पर्ची, पेंशन योजना, वृद्धावस्था कल्याण पेंशन, संबल योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना का मौके पर ही लाभ दिया।

महापौर परिषद की 118वीं बैठक में शामिल हुए महापौर

उज्जैन। अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यकारिणी की 118 वीं बैठक 5 एवं 6 अक्टूबर को चंडीगढ़ में आयोजित की जा रही हैं, महापौर भी अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ पहुंचें। बैठक में नगरीय निकायों से जुड़े विभिन्न विषयों, शहरी विकास, नागरिक सुविधाओं एवं नगर निकायों के समक्ष आने वाली चुनौतियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर उज्जैन नगर के विकास एवं नगरीय व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों को भी परिषद के समक्ष रखा। बैठक का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मेयर इन काउंसिल की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता द्वारा किया गया साथ ही ऑल इंडिया मेयर काउंसिल की 119वीं बैठक नवंबर 2026 में बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में आयोजित होगी।



समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के लिये किसानों ने कराया पंजीयन

उज्जैन।

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिये पंजीयन प्रक्रिया जारी है। अभी तक 3 लाख 5 हजार 82 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1100 से अधिक पंजीयन केन्द्र बनाये गये हैं। जबलपुर संभाग में 1 लाख 47 हजार 824, नर्मदापुरम में 16 हजार 398, भोपाल में 8 हजार 599, रीवा में 94 हजार 384, शहडोल में 21 हजार 456 और सागर संभाग में 16 हजार 155 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क और निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर की गई है। प्रति पंजीयन के लिये 50 रूपये से अधिक शुल्क नहीं लिया जाएगा। किसान पंजीयन के लिए भूमि संबंधी दस्तावेज एवं किसान के आधार कार्ड एवं अन्य फोटो पहचान पत्रों का समुचित परीक्षण कर उनका रिकार्ड रखा जानाअनिवार्य होगा। सिकमी/ बटाईदार/ कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति संचालित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि जिला और तहसील स्तर पर स्थापित आधार पंजीयन केन्द्रों को क्रियाशील रखा जाए जिससे किसान वहां जाकर आसानी से अपना मोबाईल नंबर एवं बायोमेट्रिक अपडेट करा सके।



हेलमेट पहनकर निकले तो मिली चॉकलेट, नियम तोड़े तो बना चालान

उज्जैन। रविवार को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को ट्रैफिक पुलिस ने चॉकलेट दी तो नियम तोड़ने वालों के चालान फाड़ दिए। दरअसल, ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था बेहतर करने के लिए रविवार का दिन चुना। इस दिन लोग छुट्टी के मूड में होते हैं और बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकलते हैं। पुलिस ने हेलमेट पहनने वाले, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने वालों को चॉकलेट और चाबी का छल्ला दिया, जबकि उल्लंघन करने वालों के चालान बनाए। एसपी प्रदीप शर्मा भी कार्रवाई देखने पहुंचे। एएसपी मनोज खत्री, डीएसपी दिलीपसिंह परिहार के नेतृत्व में अभियान 8 अक्टूबर तक चलेगा।

सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को होल्डिंग एरिया में रोकेंगे

पांच रेलवे स्टेशनों पर तैयारियां

उज्जैन।

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन रेलवे स्टेशन पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को सीधे स्टेशन पर पहुंचने से रोकने के लिए रेलवे ने होल्डिंग एरिया की व्यवस्था पर विशेष फोकस किया है। उज्जैन स्टेशन के माधवनगर, नीलगंगा और इंदौरगेट की ओर होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं।

चिंतामन गणेश, पंवासा, पिंगलेश्वर और विक्रमनगर रेलवे स्टेशनों पर भी यात्रियों को रोकने के लिए व्यवस्था विकसित की जा रही है। जरूरत के अनुसार भीड़ को इन स्थानों पर रोककर चरणबद्ध तरीके से मुख्य स्टेशन की ओर भेजा जाएगा। इससे प्लेटफार्म और प्रवेश-निकास मार्गों पर एक साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से बनने वाले दबाव को कम किया जा सकेगा। माधवनगर, नीलगंगा और इंदौरगेट की ओर रेलवे कर्मचारियों के पुराने क्वार्टरों को हटाकर होल्डिंग एरिया तैयार करने का काम शुरू हो गया है। रेलवे यहां यात्रियों की सुविधा के लिए वाशरूम, पेयजल, टिकट विंडो और ट्रेनों के आवागमन की जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था कर रहा है। यानी भीड़ को केवल रोकने के बजाय इन स्थानों पर यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। रेलवे की योजना के अनुसार भीड़ का दबाव बढ़ने पर श्रद्धालुओं को पहले होल्डिंग एरिया में रोका जाएगा और स्टेशन पर स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें आगे भेजा जाएगा।



उज्जैन स्टेशन पर 217 कैमरे सिंहस्थ को लेकर पश्चिम रेलवे ने सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था भी मजबूत करना शुरू कर दिया है। उज्जैन सहित आठ रेलवे स्टेशनों पर कुल 753 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें अकेले उज्जैन स्टेशन पर 217 कैमरे होंगे। स्टेशन पर केंद्रीकृत कंट्रोलकमसीसीटीवी मानिटरिंग रूम बनाया जाएगा। यहां से प्लेटफार्म, प्रवेशनिकास मार्ग और भीड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। यात्री सूचना प्रणाली, उद्घोषणा व्यवस्था और आप्टिकल फाइबर नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है।

माधवनगर स्टेशन को भी संवारा जा रहा

रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण पर भी काम कर रहा है। माधवनगर स्टेशन के भवन पर आकर्षक पेंटिंग बनाई जा रही है। रेलवे अधिकारियों का फोकस व्यवस्था के साथ स्टेशन की छवि सुधारने पर भी है, ताकि सिंहस्थ के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिल सके।

फटाफट खबरें

संत रविदास की प्रतिमा तोड़ने के आरोप में पांच गिरफ्तार

यूपी के बलिया जिले के सुखपुरा थाना क्षेत्र में संत रविदास की प्रतिमा तोड़े जाने के मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है और दो की तलाश जारी है। पुलिस ने सोनवार को बताया कि सुखपुरा थाना क्षेत्र के कूपिरहा गांव में अनुसूचित बस्ती के लोगों ने संत रविदास मंदिर में प्रतिमा स्थापित की थी, जिसे शनिवार देर रात कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त मरम्मत की तत्काल मरम्मत करा दी। उन्होंने बताया कि रविवार को सोहन राम की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

ट्रंप की चूक: ब्राजील की जगह भारत का किया जिक्र

ट्रंप फिर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं, जब उन्होंने ब्राजील में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को गलती से 'भारत का राष्ट्रपति चुनाव' बता दिया। उन्होंने गलती अमेरिकी चुनाव प्रणाली की आलोचना करते हुए की, जिसका परिणाम अक्सर देरी से आता है। इस अजीबोगरीब ओलीपिक और चुनावी घालमेल के बाद इंटरनेट पर उनका जमकर उपहास किया जा रहा है। अपनी पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि 'भारत ने राष्ट्रपति चुनाव के पहले चरण में 12.5 करोड़ लोगों ने वोट डाले और लगैतार उसी दिन अ गए।' उन्होंने इस बात का इस्तेमाल अमेरिकी शहरों जैसे ह्यूस्टन, फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया और अमेरिका के अन्य कई राज्यों की तुलना करने के लिए किया, जहां वोटों की गिनती में हफ्तों लग जाते हैं।

एसआईआर विवाद को लेकर कांग्रेस नेता चिदंबरम की सुप्रीम कोर्ट से अपील...

संविधान और लोकतंत्र को बचाए न्यायालय

एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों, सामाजिक व युवा संगठनों और चुनाव आयोग के बीच लगातार विवाद चल रहा है। ऐसे में जस्टिस उज्जल भूषण ने चुनावी अधिकार से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा था कि अगर किसी प्रक्रिया के कारण लाखों नागरिक अपने मताधिकार से वंचित होते हैं और उन्हें वोट देने के अधिकार के बिना 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया जाता है, तो ऐसी प्रक्रिया मूल रूप से मनमानी है।



पूर्व जजों की टिप्पणियों का हवाला देकर चुनाव आयोग के कामकाज पर उठाए सवाल

सीजेपी ने चुनाव आयोग के बाद सुप्रीम कोर्ट पर लगाए गंभीर आरोप, सौरभ बोले.....

युवाओं से वोटिंग अधिकार छीनने में मिलीभगत



सीजेपी ने सुप्रीम कोर्ट पर बेहद गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी के पदाधिकारी सौरभ दास ने एक बयान जारी कर शीर्ष न्यायालय पर युवाओं के वोटिंग अधिकार को छीनने में मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने इस दौरान दो जजों, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची, का नाम लेते हुए कहा कि बंगाल और बिहार में एसआईआर प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के चलने देने वाले ये जज अब शांत रहें। दास ने कहा कि भले ही वे अब कुछ करना चाहें, तो कर सकते हैं, लेकिन किसी को इससे फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट जैन जी के वोट देने के अधिकार और राज्य के चुनाव छीनने की इस मिलीभगत में शामिल था।

सौरभ दास ने अपने बयान में न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने लिखा कि इसे सुनिश्चित करते हुए समय रहते जरूरी याचिकाएं नहीं सुनी गईं, जिनमें महाराष्ट्र सरकार का गिरना, पार्टियों का टूटना और दिल्ली में संवैधानिक संकट जैसे मामले शामिल हैं। दास ने आरोप लगाया कि इन सभी मामलों में भाजपा की मर्जी चली, जो हमारी न्यायपालिका पर एक बड़ा धब्बा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में अब सुप्रीम कोर्ट को बेंच जो चाहे करे, लेकिन लोगों की नजरों में उसकी विश्वसनीयता नहीं रहेगी। विश्वसनीयता किस बात की होगी, यह भारत के लोग और युवा तय करेंगे, कोर्ट कल या कभी भी जो चाहे तो करे। बता दें कि पटना के रहने वाले राकेश कुमार सिंह ने इस मामले में एक जनहित याचिका दाखिल की है। इस याचिका के जरिए सुप्रीम कोर्ट से यह तय करने का अनुरोध किया गया है कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले उन शक्तियों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो कानूनी तौर पर पूरे निर्वाचन आयोग की है।

कानूनी कार्रवाई की मांग

दाखिल याचिका में यह भी मांग की गई है कि अगर ऐसा है तो उन कार्यों को अनधिकृत घोषित किया जाए और उपयुक्त कानूनी कार्रवाई की जाए। याचिका में निर्देश देने की मांग की गई है कि प्रतिवादी संख्या 3 (सीईसी) इस याचिका की लंबित अंतिम सुनवाई तक मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तौर पर काम न करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया जाए कि इस दौरान आयोग का कामकाज प्रतिवादी संख्या 4 (सुखबीर सिंह संधू) और 5 (विवेक जोशी) की सर्वसम्मति से चलाया जाए और परिणामस्वरूप रिक्त होने वाले पद पर कोई भी नियुक्ति एक ऐसी समिति की सिफारिश पर की जाए, जिसमें माननीय प्रधान न्यायाधीश भी शामिल हों।

जस्टिस भुइयां की एसआईआर पर तीखी टिप्पणी



मताधिकार छीनने वाली कोई भी प्रक्रिया असंवैधानिक

हैदराबाद । सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने नागरिकों के मताधिकार पर गहरा चिंता व्यक्त करते हुए एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। नालसार लॉ यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान, जस्टिस भुइयां ने एसआईआर पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नागरिकों को अपने मतदान के अधिकार से वंचित करने वाली कोई भी प्रक्रिया मूल रूप से मनमानी और संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ है। उन्होंने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि ऐसी प्रक्रियाओं को किसी भी दलील के माध्यम से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का संविधान नागरिकों को दो वर्गों में नहीं बांटता- एक जिसे मतदान का अधिकार हो और दूसरा जिसे यह अधिकार प्राप्त न हो। न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि कोई भी ऐसी प्रक्रिया जिसके तहत व्यापक पैमाने पर भारतीय नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएं, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 (मताधिकार का अधिकार) और 14 (समानता का अधिकार) का सीधा उल्लंघन होगी।

● नई दिल्ली,

कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद पी चिदंबरम ने सोमवार को एसआईआर और वोट के अधिकार को लेकर जारी विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट से संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हस्तक्षेप की उम्मीद जताई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस रोहिंटन एफ नरिमन और मौजूदा जज जस्टिस उज्जल भूषण की हालिया टिप्पणियों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग के कामकाज पर उठ रहे सवालों का जिक्र किया।

चिदंबरम ने एक्स पर लिखा कि लोगों को राजकोट में जस्टिस नरिमन और हैदराबाद में जस्टिस भूषण की टिप्पणियां पढ़नी चाहिए। चिदंबरम ने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस मौके पर आगे आएगा और संविधान व लोकतंत्र को बचाएगा। साथ ही उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों पर तंज कसते हुए 'भक्तों' से चुप रहने की अपील की। चिदंबरम की यह टिप्पणी ऐसे समय आई जबकि सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कामकाज को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हो रही थी। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने सीईसी ज्ञानेश को निलंबित करने से किया इनकार कर दिया है। वैसे यहां बताते चलें कि एसआईआर को लेकर भी राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के बीच लगातार विवाद चल रहा है। 4 अक्टूबर को जस्टिस उज्जल भूषण ने चुनावी अधिकार से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा था कि अगर किसी प्रक्रिया के कारण लाखों नागरिक अपने मताधिकार से वंचित होते हैं और उन्हें वोट देने के अधिकार के बिना 'दूसरे दर्जे का नागरिक' बना दिया जाता है, तो ऐसी प्रक्रिया मूल रूप से मनमानी है।

रुपए पर डॉलर का भारी दबाव, शेयर बाजार से विदेशी निकासी: अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ती चुनौती



मुंबई । भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां रुपए की कमजोरी, महंगे कच्चे तेल, बढ़ती महंगाई, विदेशी निवेश की निकासी और वैश्विक ब्याज दरों का दबाव एक साथ दिखाई दे रहा है। इसे केवल शेयर बाजार की गिरावट मानना बड़ी भूल होगी। इसका असर आयात, पेट्रोल-डीजल, ब्याज दर, कंपनियों की लागत और आम निवेशक तक इसका असर होना शुरू हो गया है।

रुपए को सहारा देने के लिए रिजर्व बैंक लगातार विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप कर रहा है। सितंबर में भी सरकारी बैंकों के जरिए डॉलर बेचकर रुपए को संभालने की कोशिश की गई। इसके बावजूद रुपया करीब 96 प्रति डॉलर के आसपास दबाव में बना रहा। अगस्त तक आरबीआई की विदेशी मुद्रा फॉरवर्ड देनदारियां रिकॉर्ड करीब 200 अरब डॉलर तक पहुंच गई थीं।

सबसे बड़ी चिंता विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी एफडीआई की लगातार बिकवाली है। 2026 के पहले नौ महीनों में विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयरों से निकासी 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है। सितंबर में ही सेकेंडरी मार्केट से लगभग 45,537 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई, हालांकि आईपीओ में करीब 9,676 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया है। यह रकम ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

दूसरी तरफ घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को संभलने की कोशिश कर रहे हैं। सितंबर में डीएलएलएस ने 52,617 करोड़ रुपए का निवेश किया था। विदेशी पैसा निकल रहा है, म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियां और घरेलू संस्थाएं फिलहाल बाजार को पूरी तरह टूटने से रोकने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन इसमें कोई सफलता विशेष मिलती हुई दिख नहीं रही है।

आरबीआई और सेबी की अग्नि परीक्षा

आरबीआई रुपए को स्थिर कर सकता है।लेकिन वह हमेशा डॉलर बेचकर बाजार की दिशा तय नहीं कर सकता। विदेशी मुद्रा भंडार का मजबूत होना सुरक्षा कवच है। डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत करना स्थायी दवा नहीं है। इसके बड़े दुष्परिणाम समय आने पर देखने को मिलते हैं। दूसरी ओर सेबी का काम शेयरों के भाव नियंत्रित करना नहीं, बल्कि बाजार की पारदर्शिता, जोखिम प्रबंधन और निवेशकों का संरक्षण सुनिश्चित करना है।

महंगे तेल से आयात बिल और महंगाई दोनों पर दबाव बढ़ा है। अगस्त की खुदरा महंगाई 4.82 प्रतिशत पहुंच चुकी है। वैश्विक ब्याज दरों के ऊंचे रहने से विदेशी पूंजी के लिए अमेरिकी परिसंपत्तियां अधिक आकर्षक बन गई हैं। आरबीआई के सामने अब महंगाई और विकास के साथ रुपए को संभालने की एक बड़ी चुनौती है। रिजर्व बैंक में कोई योग्य अर्थशास्त्री भी नहीं है। जो हैं, उनकी बात सरकार नहीं मानती हैं।

भारतीय निवेशकों के लिए संदेश

ऐसे समय में निवेशक को घबराकर पूरी पूंजी बाजार से निकालने या तेजी देखकर आंख बंद करके खरीदारी करने से बचना चाहिए। म्यूचुअल फंड में एसआईपी जारी रखने वाले निवेशकों को अपने समय और जोखिम क्षमता की समीक्षा करनी चाहिए। शेयर बाजार में अत्यधिक कर्ज लेकर निवेश, सट्टेबाजी और बिना जांचे तेवरों में पैसा लगाना सबसे बड़ा जोखिम साबित हो सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विदेशी पूंजी की जरूरत है। स्थायी मजबूती, अच्छे विदेशी निवेश से नहीं, वरन घरेलू बचत, उत्पादन, रोजगार, निर्यात और आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियों से आएगी। वर्तमान संकट बाजार के अंत का संकेत नहीं है। यह जरूर चेतावनी है, अब निवेश में रिटर्न से पहले जोखिम और रमक से पहले वास्तविक आर्थिक स्थिति को देखकर ही निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करना चाहिए। जिस तरह की स्थितियां बन गई हैं। उसमें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

भारत का नया निवेश संधि खाका तैयार निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल : वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में घोषणा की कि द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) के लिए एक नया, निवेशक-अनुकूल खाका तैयार है और इसे जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह नया ढांचा निवेशकों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करेगा और 2016 में मंजूर किए गए पुराने खाके की खामियों को दूर करेगा। सीतारमण ने बताया कि पिछले डेढ़ साल से तैयार यह नया खाका निवेशकों के लिए प्रक्रिया को और सुगम बनाएगा। उन्होंने कहा कि नए खाके को अंतिम रूप दिए जाने के बीच भी भारत ने निवेश संरक्षण समझौतों पर बातचीत जारी रखी है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान और कुछ मध्य एशियाई देशों के साथ हुए हालिया समझौतों में पहले से ही नए खाके के कई प्रावधान शामिल किए गए हैं। मंत्री ने कहा कि भारत कनाडा और रूस सहित कई देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौतों पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर तक कम से कम तीन और देशों के साथ समझौते पूरे हो सकते हैं, जिसमें कनाडा के साथ बातचीत दिसंबर या अगले साल की शुरुआत तक अंतिम रूप ले सकती है। पिछला 2016 का ढांचा निवेशकों को मध्यस्थता से पहले पांच साल तक इंतजार करने के लिए कहता था, जिसकी व्यापक आलोचना हुई थी। सरकार का मानना है कि नया खाका भारत के हितों की बेहतर रक्षा करेगा और निवेशकों के लिए अधिक स्पष्टता लाएगा।

इंडिगो ने बढ़ाया हवाई किराया, आज से सफर होगा महंगा

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने बढ़ती विमान ईंधन की कीमतों के मद्देनजर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार में वृद्धि की घोषणा की है। ये संशोधित शुल्क 6 अक्टूबर से लागू होंगे, जिससे हवाई यात्रियों के लिए यात्रा महंगी हो जाएगी। कंपनी ने बताया कि घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर अधिभार में 100 रुपये से 350 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, जबकि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर भी यह वृद्धि लागू होगी। इंडिगो के अनुसार, ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और हाल ही में मासिक आधार पर इसमें 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे विमान ईंधन की लागत पिछले एक दशक के सबसे ऊंचे स्तरों पर पहुंच गई है। विमानन कंपनियों की परिचालन लागत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने के कारण, बढ़ती कीमतें लागत संरचना को प्रभावित कर रही हैं, जिसके चलते इंडिगो ने यह कदम उठाया है।


एंबेसी डेवलपमेंट्स ने बेंगलुरु में 1800 करोड़ के फ्लैट बेचे

रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एंबेसी डेवलपमेंट्स ने बेंगलुरु में अपनी नई टाउनशिप परियोजना 'एंबेसी ओरिजिन्स' के साथ बंपर शुरुआत की है। कंपनी ने परियोजना के लॉन्च के मात्र एक सप्ताह के भीतर 1,800 करोड़ रुपये से अधिक के 477 अपार्टमेंट बेचकर मजबूत मांग का प्रदर्शन किया है। सोमवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी दी गई। उत्तरी बेंगलुरु में 85 एकड़ में फैली इस वृहद टाउनशिप परियोजना एंबेसी ओरिजिन्स के पहले चरण को 16 सितंबर को लॉन्च किया गया था। महज सात दिनों के भीतर, कंपनी ने 10 लाख वर्ग फुट से अधिक बिक्री योग्य क्षेत्र में फैले 477 अपार्टमेंटों की बुकिंग सफलतापूर्वक दर्ज की। इसके पहले चरण में दो रेरा-पंजीकृत परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें कुल 217 विला और 855 अपार्टमेंट हैं। इन दोनों परियोजनाओं में लगभग 26 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य आवासीय क्षेत्र उपलब्ध है, जिससे कंपनी को 4,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। एंबेसी डेवलपमेंट्स के आवासीय कारोबार के एक प्रमुख अधिकारी ने इस सफलता पर टिप्पणी करते हुए कहा, यह जबरदस्त प्रतिक्रिया वित्त वर्ष 2026-27 के लिए हमारी पूर्व-बिक्री और नकदी प्रवाह के लक्ष्यों के प्रति हमारे विश्वास को मजबूत करती है।

अखिल भारतीय एलआईसी में खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

टेबल टेनिस, शतरंज समेत छै तरह की विधाओं में होगा प्रदर्शन

■ बेंगलुरु



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक आर दुरैस्वामि ने सोमवार को बेंगलुरु स्थित श्री कांतीरवा स्टेडियम में 'अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27' का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय एलआईसी खेल भारतीय जीवन बीमा निगम का वार्षिक खेलकूदों का आयोजन है, जो चार दिनों की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है । इन खेल प्रतियोगिताओं में छः खेल विधाएं सम्मिलित हैं, जिनमें क्रिकेट, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स का समावेश है।

उद्घाटन समारोह में एस.जी.सिंहा, कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण), प्रदीप पी. शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), लता माडम्पल्ली, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), सत्यना गोला एस., क्षेत्रीय प्रबन्धक, दक्षिण-मध्य क्षेत्र,रामा आरके यादव, वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, बेंगलुरु मण्डल-I उपस्थित थे । प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबन्ध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं होते, बल्कि चरित्र-निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लें तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ प्रतिभागी खिलाड़ियों के मार्च पास्ट से हुआ। इसके पश्चात् आर. दुरैस्वामि ने निगम-ध्वज का आरोहण करते हुए अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27 के शुभारंभ की औपचारिक रूप से घोषणा की। निगम के आठ क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 376 खिलाड़ी इस खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27 का समापन 8 अक्टूबर 2026 को होगा। समापन समारोह मुख्य अतिथि आर. चंदर, प्रबन्ध निदेशक, भारतीय जीवन बीमा निगम की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

विकसित भारत 2047 के लिए ऊर्जा सुरक्षा, विनिर्माण और मानव पूंजी निवेश पर जोर

दीर्घकालिक वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा जरूरी: चंद्रशेखरन

■ मुंबई

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और कई संकटक देश की स्थिरता का प्रमाण हैं। भारतीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) संगोष्ठी 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा, उन्नत विनिर्माण और मानव पूंजी में निवेश को महत्वपूर्ण बताया। चंद्रशेखरन ने जोर देकर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था एक अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य में भी लगातार उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रही है और सबसे अधिक वृद्धि दर दर्ज की है। उन्होंने मजबूत घरेलू मांग, सेवा निर्यात और अनुकूल सरकारी नीतियों को इसका मुख्य चालक बताया। टाटा चेयरमैन ने कहा कि ऑटो बिक्री, ऋण, बिजली और सीमेंट की मांग में मजबूत वृद्धि जैसे कई आर्थिक संकेतक देश की स्थिर और मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने चालू खाते के घाटे का जीडीपी के एक प्रतिशत से कम रहने, सेवा निर्यात के उच्च स्तर, मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार और बैंकों की स्वस्थ एनपीए स्थिति का भी उल्लेख किया। चंद्रशेखरन के अनुसार, विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे, संस्थानों और बौद्धिक संपदा पर आधारित समावेशी तथा टिकाऊ विकास की आवश्यकता होगी। दीर्घकालिक वृद्धि को कायम रखने के लिए ऊर्जा सुरक्षा, उन्नत और सटीक विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने तथा मानव पूंजी में निवेश को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने भारतीय विनिर्माताओं से गुणवत्ता के साथ-साथ टिकाऊ विनिर्माण प्रक्रियाओं को भी अपनाने का आग्रह किया।

टाटा संस एजीएम : चंद्रशेखरन के भविष्य पर नोएल टाटा परिवार की भूमिका अहम

■ मुंबई

टाटा संस की आगामी सालाना आम बैठक (एजीएम) में एन. चंद्रशेखरन के निदेशक पद के कार्यकाल के नवीनीकरण पर अहम मतदान होगा।

यह फैसला उनके चेयरमैन के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लिए महत्वपूर्ण है। कंपनी में करीब 66 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स, और विशेष रूप से नोएल टाटा व उनके परिवार की भूमिका इस वोटिंग में निर्णायक होगी, जिससे टाटा संस के भविष्य के नेतृत्व पर सीधा असर पड़ेगा। चंद्रशेखरन को चेयरमैन के तौर पर तीसरा कार्यकाल देने के लिए पहले निदेशक के रूप में उनका कार्यकाल बढ़ाना आवश्यक है।

बोर्ड ने 17 सितंबर को हुई बैठक में उन्हें तीसरा कार्यकाल देने के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यह एजीएम पहले 18 अगस्त 2026 को होनी थी, लेकिन सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) पर महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर की रोक के कारण टल गई थी। अब रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने टाटा संस को इस साल के अंत तक एजीएम आयोजित करने की अनुमति दी है। टाटा संस की कुल हिस्सेदारी का बड़ा हिस्सा टाटा ट्रस्ट्स के पास है। सबसे बड़े ट्रस्टों में से एक सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट (एसडीटीटी) के पास अनुमानित 27.98 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जहां नोएल टाटा अकेले आजीवन ट्रस्टी हैं और उनके करीबी परिवार के सदस्य कुल ट्रस्टियों के 33 प्रतिशत हैं। दूसरा बड़ा ट्रस्ट सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी) है, जिसके पास 23.56 प्रतिशत हिस्सेदारी है, लेकिन यह फिलहाल महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर की रोक के कारण फ्रीज है। इस ट्रस्ट में आजीवन ट्रस्टियों की संख्या कानूनी सीमा से अधिक होने का मुद्दा है।

जापान ओपन

मुनार को हराकर फाइनल में पहुंचे अल्काराज



नई दिल्ली।

दुनिया के नंबर-3 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने स्पेन के ही जाउमे मुनार को कड़ी चुनौती से पार पाते हुए जापान ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। टोक्यो के एरियाके कोलिजियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में अल्काराज ने मुनार को 5-7, 6-3, 6-1 से हराया। अल्काराज को मुकाबले की शुरुआत में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने पहले सेट में बढ़त बनाने के बावजूद अपनी सर्विस गंवा दी और मुनार ने 7-5 से पहला सेट अपने नाम कर लिया। इसके बाद अल्काराज ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से जीता। निर्णायक तीसरे सेट में अल्काराज ने अपने खेल का स्तर और ऊंचा कर दिया। उन्होंने लगातार मुनार की सर्विस पर दबाव बनाया और 6-1 से सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अल्काराज पूरे टूर्नामेंट में पहले सेट में संघर्ष करते नजर आए हैं। मुनार के खिलाफ भी वह एक समय 5-3 से आगे थे और सेट के लिए सर्विस कर रहे थे। हालांकि, वह अपनी सर्विस बरकरार नहीं रख सके। मुनार ने अगले गेम में उनकी सर्विस तोड़ी और फिर 6-5 की बढ़त हासिल कर पहला सेट 7-5 से जीत लिया।

जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे नहीं पता कि पहले सेट में क्या हुआ। सच कहूं तो पहले सेट में सामान्य तौर पर भी मुझे परेशानी हो रही है। मैं अच्छी शुरुआत करता हूं, ब्रेक हासिल करता हूं और सेट के लिए सर्विस करता हूं, लेकिन फिर पता नहीं क्या होता है। ऐसा लगता है कि मैं हर पहले सेट में संघर्ष कर रहा हूं। हालांकि, जिस तरह से मैं हर बार वापसी करता हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

दूसरे सेट में अल्काराज ने आक्रामक अंदाज में खेलना शुरू किया। उन्होंने 2-1 की बढ़त के लिए मुनार की सर्विस तोड़ी और अपनी सर्विस बचाकर बढ़त को 3-1 किया। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक हासिल कर 4-2 की बढ़त बनाई। अंत में मुनार की सर्विस फिर तोड़कर अल्काराज ने दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

तीसरे सेट में अल्काराज पूरी तरह अपने रंग में नजर आए। उन्होंने लगातार अपनी सर्विस बरकरार रखने के साथ मुनार की सर्विस भी तोड़ी। 4-0 की बढ़त तक वह दो बार मुनार की सर्विस तोड़ चुके थे। मुनार ने इसके बाद अपनी सर्विस जरूर बचाई, लेकिन अल्काराज ने अपनी सर्विस पर मैच खत्म करते हुए निर्णायक सेट 6-1 से जीत लिया।

लगातार दूसरी बार फाइनल में

अल्काराज ने इस जीत के साथ लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। वह 2025 में भी जापान ओपन के वैधियन बने थे, जहां उन्होंने फाइनल में टेलर फिट्ज़ को हराया था। सात बार के ग्रैंड स्लैम वैधियन अल्काराज का फाइनल में सामना जिरी लेहेका या वैलेन्टिन वाशेरो से होगा। दोनों के बीच दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला अल्काराज और मुनार के मैच के बाद खेला जाना था। अल्काराज ने जापान ओपन में हिस्सा लेने का फैसला किया है, जबकि कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी चीन ओपन में खेल रहे हैं।

> '' मुझे नहीं पता कि पहले सेट में क्या हुआ। सच कहूं तो पहले सेट में सामान्य तौर पर भी मुझे परेशानी हो रही है। मैं अच्छी शुरुआत करता हूं, ब्रेक हासिल करता हूं और सेट के लिए सर्विस करता हूं, लेकिन फिर पता नहीं क्या होता है। ऐसा लगता है कि मैं हर पहले सेट में संघर्ष कर रहा हूं। हालांकि, जिस तरह से मैं हर बार वापसी करता हूं, उससे मैं बहुत खुश हूं। -कार्लोस अल्काराज

रणजी ट्रॉफी में फिर वापसी करेंगे सूर्या

मुंबई।



पूर्व भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 2026-27 रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। वे मुंबई के लिए पहले एलीट ग्रुप ष मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ खेल सकते हैं। यह मुकाबला 11 अक्टूबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच IPL 2026 में खेला था। वहीं शार्दूल ठाकुर हाथ की चोट के कारण शुरुआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी में तुषार देशपांडे मुंबई के तेज गेंदबाजी अटैक की अगुआई करेंगे।

सूर्यकुमार ने फरवरी 2025 में नागपुर में विदर्भ के खिलाफ मुंबई के लिए आखिरी रणजी मैच खेला था। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, उन्होंने घरेलू रेड-बॉल टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, सूर्या ने रूष अध्यक्ष अजिंक्य नाइक को आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। सूर्यकुमार ने अब तक 86 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हैं। उनके नाम 5,758 रन हैं। उन्होंने 144 पारियों में 14 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 42.33 है।

टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और जापान सीरीज की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया। शार्दूल को लेकर MCA के एक सूत्र के मुताबिक, शार्दूल को हाथ में चोट तब लगी, जब आयुष म्हात्रे के लगाए शॉट से गेंद उनके हाथ पर लगी। इस चोट के कारण वह कुछ मैचों से बाहर रह सकते हैं। रणजी ट्रॉफी इतिहास की सबसे सफल टीम मुंबई के लिए सीजन शुरू होने से पहले शार्दूल की गैरमौजूदगी बड़ा झटका है।

इन्दौर में भीषम गर्मी के चलते वेस्टइंडीज टीम का हाल-बेहाल, मांगा एक्स्ट्रा नारियल पानी

11 अक्टूबर से होलकर स्टेडियम में होगा टी-20 सीरीज का आगाज



इंदौर।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों की डाइट, हाइड्रेशन और रिकवरी का खास ध्यान रखा जा रहा है। इसी बीच वेस्टइंडीज टीम ने इंदौर में नारियल पानी का एक्स्ट्रा स्टॉक रखने की विशेष मांग की है।

वेस्टइंडीज टीम के मैनेजर ने मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से फोन पर एक्स्ट्रा नारियल पानी उपलब्ध रखने का आग्रह किया है। एमपीसीए के सीईओ रोहित पंडित के मुताबिक, खिलाड़ियों के लिए सामान्य तौर पर नारियल पानी की व्यवस्था रहती है, लेकिन इस बार वेस्टइंडीज टीम ने इसकी अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों की पसंद और जरूरत के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है। डाइट में वेजेटेरियन विकल्प ज्यादा रखे गए हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और मैच के बाद रिकवरी को ध्यान में रखते हुए खान-पान तैयार किया जाएगा।

मैच और अभ्यास सत्र के बाद खिलाड़ियों की रिकवरी के लिए आइसबाथ टब की व्यवस्था भी की जा रही है। टी-20 में लगातार शारीरिक गतिविधि के चलते खिलाड़ियों पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए रिकवरी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बारिश के बाद गर्मी बढ़ी हाइड्रेशन पर फोकस

इंदौर में बारिश के बाद अब तापमान बढ़ने के साथ गर्मी और ड्राई हीट का असर दिखाई दे रहा है। ऐसे में मैदान पर लगातार दौड़ने, फील्डिंग और बल्लेबाजी-गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों के लिए हाइड्रेशन अहम है। टीम प्रबंधन चाहता है कि खिलाड़ियों को जरूरत के समय नारियल पानी आसानी से उपलब्ध हो।

टीम इंडिया रेडिसन होटल तो वेस्टइंडीज मैरियट में रुकेगी

भारतीय टीम के लिए रेडिसन होटल और वेस्टइंडीज टीम के लिए मैरियट होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। दोनों टीमों के इंदौर पहुंचने से पहले होटल, अभ्यास, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल

भारत के हर गेंदबाज से नफरत है

नई दिल्ली। हसन नवाज ने एशियन गेम्स के फाइनल में भारत के खिलाफ 51 गेंद पर 96 रन बनाए थे। हसन नवाज ने एशियन गेम्स के फाइनल में भारत के खिलाफ 51 गेंद पर 96 रन बनाए थे। एशियन गेम्स फाइनल में भारत के खिलाफ 96 रन बनाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते हैं कि उन्हें भारत के हर गेंदबाज से नफरत है। वीडियो में जब एंकर उनसे पूछते हैं कि क्या दुनिया में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसे वह मैदान पर आते ही निशाना बनाना चाहते हैं। इस पर वे हर भारतीय गेंदबाज का नाम लेते हैं। जापान में एशियन गेम्स का मेंस क्रिकेट फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया था। भारत ने 19 रन से पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

आज भारतीय फुटबॉल टीम का होगा उरुग्वे से सामना

नई दिल्ली।



भारतीय फुटबॉल टीम इस वक्त अपने फीफा दोस्ताना मैचों की सीरीज खेल रही है। पहले मैच में बेंगलुरु में भारतीय फुटबॉल टीम ने 44वीं रैंकिंग वाली पनामा को 1-1 से ड्रॉ पर रोका था।

उसके बाद दूसरे मुकाबले में 3 अक्टूबर को ब्राजील के खिलाफ कोलकाता में 51 हजार दर्शकों के सामने भारतीय टीम 0-4 से हारी। अब टीम का सामना 20वीं रैंकिंग वाली उरुग्वे से होगा। भारतीय टीम आज मंगलवार को कोलकाता में ही दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे के खिलाफ फुटबॉल मैच खेलने उतरेगी। भारत के मुख्य कोच खालिद जमील को विशेषकर पहले 25 मिनट में टीम के बेहतर तालमेल, रक्षात्मक और जवाबी हमले करने की तत्परता के रूप में कुछ सकारात्मक पहलू नजर आए। यहां तक कि ब्राजील के कोच कार्लोस एंसेलोटी ने भी भारतीय टीम के इन पहलुओं पर बात की थी। 138वीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम अब विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद उरुग्वे के खिलाफ इन सीख का इस्तेमाल करना चाहेगी।

भारत के लिए गोल करना भले ही आसान नहीं हो लेकिन अगर वह उरुग्वे को ड्रॉ पर रोक देता है तो भारतीय टीम के लिए जीत से कम नहीं होगा। इसके लिए भारत की निगाहें रयान विलियम्स पर टिकी होंगी, जिन्होंने पनामा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ हुए मैच में गोल दागा था।

शर्तों के चलते डब्लयूसीएल से बाहर हुआ पाकिस्तान

भारतीय खिलाड़ियों से लिखित माफी चाहता था

नई दिल्ली।



वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लेजेंड्स के तीसरे सीजन से पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। इसी वदह से अब लीग में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला नहीं देखने को मिलेगा। पाकिस्तान चैंपियंस टीम को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा एनओसी नहीं दी गई, जिससे टीम को टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लेना पड़ा।

लीग के दूसरे सीजन के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले की वजह से पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला था। इसके बाद से ही पीसीबी ने पाकिस्तान चैंपियंस को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से मना किया था। बांग्लादेश के खिलाफ पाक टीम का पहला मैच टेक्निकल कारणों की वजह से पोस्टपोंड कर दिया गया था। अब पाकिस्तानी टीम हिस्सा नहीं ले पाएगी।

पाकिस्तान ने सोमवार को आधिकारिक रूप से लीग से अपना नाम वापस ले लिया। इसका कारण एनओसी बताया गया। हालांकि, हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी एनओसी देने के लिए राजी था लेकिन उन्होंने कुछ शर्तें रखी थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीसीबी भारतीय खिलाड़ियों से लिखित में माफी चाहता था। इसके अलावा उसने ये भी उम्मीद जताई थी कि इंडियन प्लेयर्स मैच में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाएं। हालांकि, उनकी इन मांगों को WCL के ऑर्गनाइजर ने मानने से मना कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तान ने अपना नाम वापस ले लिया है। पाक टीम के नाम वापस लेने के साथ ही अब भारत और पाकिस्तान का मुकाबला नहीं देखने को मिलेगा।

पिछले साल भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेला था

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब डब्ल्यूसीएल के आगामी संस्करण में पाकिस्तान चैंपियंस की भागीदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। पिछले साल डब्ल्यूसीएल में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ निर्धारित सेमीफाइनल मुकाबले में खेलने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान चैंपियंस को बिना मैच खेले ही फाइनल में प्रवेश मिल गया था। भारत के खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बने तनाव और सार्वजनिक भावनाओं को देखते हुए मैदान पर नहीं उतरने का फैसला किया था।

तीसरे वन डे में कार्तिक ने की रोहित के धैर्य की तारीफ

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में मुश्किल परिस्थितियों के बीच शानदार पारी खेलने वाले रोहित शर्मा की पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने जमकर तारीफ की है। कार्तिक ने कहा कि रोहित की यह पारी बताती है कि दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में वह भारतीय टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। वहीं, मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में वापसी को लेकर कार्तिक ने साफ तौर पर कहा कि टीम उनसे आगे बढ़ चुकी है और अब उन्हें वापस लाने का कोई मतलब नहीं है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में भारत ने शुरुआती तीन ओवर में ही कप्तान शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट गंवा दिए थे। पिच पर पेस गेंदबाजों को भी मदद मिल रही थी, ऐसे में भारतीय टीम दबाव में थी। इस स्थिति में रोहित शर्मा ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला और पहले संभलकर बल्लेबाजी करने के बाद आक्रामक रुख अपनाया।रोहित ने 85 गेंदों पर 92 रन की पारी खेली।

शमी की वापसी पर किया इनकार

दूसरी ओर, मोहम्मद शमी की भारतीय टीम में वापसी की संभावनाओं को लेकर दिनेश कार्तिक का बयान उनके प्रशंसकों के लिए बड़ा झटका है। शमी ने 2025 में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। इसके बाद चोट, फिटनेस और चयन से जुड़े कारणों के चलते वह राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उनकी वापसी की उम्मीदें कमजोर होती जा रही हैं। क्रिकबज़ के एक कार्यक्रम में जब कार्तिक से शमी की टीम में वापसी को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय टीम अब उनसे आगे बढ़ चुकी है। कार्तिक ने साफ शब्दों में कहा कि शमी ने भले ही अच्छी गेंदबाजी की हो, लेकिन उन्हें वापस लाने के बारे में वह नहीं सोचेंगे। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में फिलहाल अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाज मौजूद हैं। इसके अलावा गुरनूर बराड़, आकिब नबी और अंशुल कंबोज जैसे युवा गेंदबाजों को भी धीरे-धीरे मौके दिए जा रहे हैं।

चाइना ओपन

डोना को हराकर इगा स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह



नई दिल्ली।

छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेक 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया।

जीत के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए स्वियातेक ने बताया कि उन्हें एक सेट हारने के बाद कैसा महसूस हो रहा था। उन्होंने कहा, मैं सच में बहुत चिढ़ गई थी। मुझे लगा कि मैं बुरा नहीं खेल रही थी, लेकिन निश्चित रूप से वह काफी नहीं था। मैंने कुछ गलतियां कीं। मुझे गुस्सा आ रहा था। मैं कुछ बदलना चाहती थी। जाहिर है कि वह काम नहीं कर रहा था। दूसरा सेट शुरू में मुश्किल था। बाद में मैंने समझ लिया कि क्या करना है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं।

मैच के तीसरे गेम में स्वियातेक अपनी सर्विस गंवा बैठीं और वेकिक की सर्विस तोड़ने का कोई तरीका नहीं ढूंढ पाईं। आठवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी आखिरकार पहला सेट 4-6 से हार गईं। उनकी वापसी की उम्मीदों को तब और झटका लगा जब दूसरे सेट में वे दो बार अपनी सर्विस हार गईं और 2-5 से पिछड़ गईं।

दृश्यम 3 का क्रेज,चौथे दिन की 62 करोड़ की कमाई

मुंबई।



भारतीय सिनेमा की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक दृश्यम की तीसरी कड़ी दृश्यम् द कंक्लूजन ने सिनेमाघरों में 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी। फिल्म को क्रिटीक्स और दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत भी अच्छी की। सैकनिल्क के मुताबिक, दृश्यम 3 ने बॉक्स ऑफिस पर 62 करोड़ रुपये के साथ धांसू ओपनिंग की। इसके बाद दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 53.50 करोड़ रुपये रहा। यानी दो दिनों में ही फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये का माइलस्टोन पार कर लिया। वहीं संडे को फिल्म ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 61 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया।

अक्सर वीकेंड के बाद फिल्मों के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट दर्ज की जाती है और यही दृश्यम 3 के साथ भी हुआ। फिल्म ने सोमवार को गिरावट दर्ज करते हुए 17.03 करोड़ रुपये की कमाई की है। हालांकि वीक-डे को देखते हुए यह कलेक्शन भी अच्छा है।

मंडे की कमाई के साथ ही फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 193.53 करोड़ रुपये हो गया है वहीं ग्रॉस इंडिया कलेक्शन 231.90 करोड़ रुपये हो गया है।

दृश्यम् द कंक्लूजन एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसे अभिषेक पाठक ने लिखा, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किया है। यह फिल्म मशहूर और सफल दृश्यम फ्रैंचाइजी की तीसरी कड़ी है। पिछली फिल्मों के उलट इस फिल्म की कहानी ओरिजिनल है और मोहनलाल के मलयालम वर्शन से अलग है। इस फिल्म में अजय देवगन , जयदीप अहलावत तब्बू, त्रिया सरन, रजत कपूर, प्रकाश राज , इशिता दत्ता और मृणाल जाधव अहम भूमिकाओं में हैं।

जेलर 2 का ट्रेलर आउट, धांसू अंदाज में दिखे थलाइवा

नई दिल्ली। मोस्ट अवेटेड फिल्म जेलर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत एक बार फिर टाइगर मुथुवेल पांडियन के किरदार में नजर आ रहे हैं। नेल्सन दिलीपकुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर रजनीकांत के सिग्नेचर स्वैग, दमदार अंदाज और जबरदस्त एक्शन से भरपूर है, जो इस ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले बड़े चैप्टर की झलक पेश करता है। ट्रेलर में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बातों में से एक है विद्या बालन का बिल्कुल नया और शानदार अवतार। रजनीकांत के साथ नजर आ रहीं विद्या एक बोल्ड और असरदार लुक में दिखाई दे रही हैं।



साइंस टीचर पर भड़के जेन-अल्फा ट्रांसफर करवाकर ही माने!

मिसरोद में चार घंटे चला हंगामा, टीचर पर घरेलू काम कराने व पैसे मांगने के आरोपों से मचा हड़कंप

भोपाल आरएचएम। राजधानी में जेन-अल्फा का गुस्सा ऐसा भड़का कि वे न सिर्फ सड़कों पर उतर आए बल्कि अपनी शिक्षिका को हटाने का आश्वासन लेने के बाद ही लौटे। यह मामला मिसरोद के नवीन हायर सेकंडरी स्कूल से जुड़ा हुआ है तथा यहां की छात्र-छात्राएं अपनी साइंस टीचर से सख्त नाराज हैं। इन स्टूडेंट्स ने कहा- बबीता कुशवाह मैडम हमें फेल करने की धमकी देकर घर के काम कराती हैं। प्रोजेक्ट के नाम पर पैसे मांगती हैं तथा मना करने पर पाइप से पीटती हैं। बच्चों के तेवरों की सूचना मिलते ही मिसरोद थाने के प्रभारी विमलेश कुमार राय मौके पर पहुंचे। प्राचार्य के साथ मिलकर स्टूडेंट्स को समझाने की कोशिशें शुरू हुईं मगर छात्र-छात्राओं ने उक्त टीचर को हटाए जाने के बाद ही प्रदर्शन खत्म करने की बात कही। आखिरकार जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य ने टीचर का ट्रांसफर आदेश जारी किया। विभागीय जांच भी शुरू करा दी, तब जाकर करीब 4 घंटे बाद प्रदर्शन खत्म किया गया। दरअसल यह भी सामने आया है कि 11वीं गणित और जीव विज्ञान के इन विद्यार्थियों ने 3 अक्टूबर को प्राचार्य को लिखित आवेदन भी दिया था। इसमें लिखा कि यूपीएससी और दूसरी भर्ती परीक्षाओं के दौरान उनसे बेंच जमाने, सफाई कराने और रोल नंबर लिखने जैसे काम कराए जाते हैं। इसके लिए रविवार को भी स्कूल बुलाया जाता है। स्टूडेंट्स का कहना है कि वे स्कूल में पढ़ने आते हैं, कर्मचारियों की तरह काम करने नहीं। प्राचार्य को लिखे आवेदन में स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि 'बबीता मैडम हर महीने प्रोजेक्ट के नाम पर 2500-2500 रुपए मांगती हैं व कहती हैं कि जिसके पास पैसे हैं, वही साइंस स्ट्रीम में पढ़ाई करे। इस दबाव के कारण कुछ विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय ही छोड़ दिया है।' प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने कहा- बबीता मैडम पढ़ाने की बजाय वलास में मोबाइल पर बिजी रहती हैं। उनके सामने ही सीनियर छात्रों को लोहे के पाइप से पीटा गया था, स्टूडेंट्स ने टीचर से एक छात्र की बातचीत का ऑडियो भी सुनाया। इसमें पास-फेल कराने, अभिभावकों से बातचीत और पैसे खर्च होने जैसी बातें हैं। प्राइवेट फॉर्म के लिए करीब 5 हजार रुपए खर्च होने का जिक्र भी है। हालांकि, ऑडियो में आवाज किसकी है और बातचीत का वास्तविक संदर्भ क्या है, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।





टीचर बोली- अच्छे रिजल्ट के लिए सख्ती: दूसरी तरफ इस टीचर बबीता कुशवाहा का कथन सामने आया कि वे 1999 से पढ़ा रही हैं उन्हें करीब 30 साल का एक्सपीरियंस है। वे फिजिक्स में अच्छे रिजल्ट के लिए सख्ती करती हैं। पैसे लेकर पास कराने या फेल करने का आरोप पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि बच्चों से सफाई नहीं कराई जाती। वे केवल बैग साफ रखने के लिए कपड़ा रखने को कहती हैं। प्रैक्टिकल के दौरान इंस्ट्रूमेंट व्यवस्थित करना और साफ करना सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। जिला शिक्षा अधिकारी आर्य ने कहा- बच्चों की शिकायत के आधार पर बबीता कुशवाह को बागरोदा हायर सेकेंडरी स्कूल में ट्रांसफर कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू की जा रही है। उल्लेखनीय है कि मिसरोद में नवीन हायर सेकंडरी स्कूल 1962 में बना था। इसमें 37 लोगों का स्टाफ है। टीचर बबीता कुशवाह यहां 2010 से पढ़ा रही थीं।

बुजुर्ग के आधार कार्ड से छेड़छाड़ तीन पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

भोपाल,आरएचएम। बागसेवनिया इलाके में 65 साल के बुजुर्ग ने आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर नाम, पता और मोबाइल नंबर बदलकर इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने शारिक, आदिल, मुईन और उनके साथियों के खिलाफ तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, कटारा हिल्स निवासी शीतलदास सोनी बस पर हेल्पर का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को नादरा बस स्टैंड पर बस मालिक शारिक ने उनका आधार कार्ड लिया था। इसके बाद 21 अप्रैल को आदिल उन्हें आधार आउटेज कराने जवाहर चौक ले गया। वहां रोनित सिंह के नाम से हस्ताक्षर करवाने के साथ अंगूठा भी लगवाया गया। बाद में आदिल उन्हें बेगमगंज और फिर नारायण नगर स्थित आधार केंद्र ले गया। दोनों जगह उनसे रोनित सिंह के नाम से हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाया गया। कुछ समय बाद वह दुर्घटना के पुराने केस के तहलब की राशि के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खुलवाने पहुंचे तो बैंक में पता चला कि उनके आधार कार्ड पर रोनित सिंह पिता लोकेश सिंह पाल का नाम और पता दर्ज है। मोबाइल नंबर भी बदल दिया गया था। इसके बाद बेटे के साथ आधार केंद्र पहुंचकर उन्होंने मामले की जानकारी ली और अपना मोबाइल नंबर दोबारा अपडेट कराया। शीतलदास ने शारिक, आदिल, मुईन और उनके साथियों पर आधार कार्ड का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



डिवाईडर से टकराकर बाईक सवार की मौत

जहांगीराबाद और छोला मंदिर में अलग-अलग हादसों में दो की मौत

भोपाल,आरएचएम। जहांगीराबाद इलाके के करिश्मा पार्क के पास रविवार रात करीब सवा 9 बजे के आसपास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी घायल हुआ है। इसी प्रकार छोला मंदिर इलाके के निर्मल मैरिज गार्डन के पास बाइक सवार युवक को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा करीब दो महीने पहले 20 अगस्त की शाम चार बजे हुआ था। हादसे में युवक को गंभीर चोट आई थी। उसका ऑपरेशन हुआ और वह घर में था। शनिवार को उसकी घर में अचानक तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिए है।

जहांगीराबाद पुलिस ने बताया कि असफाक खान (22) एनटू- बी सेक्टर गोविंदपुरा में रहता था और पुरानी कार की डीलिंग कराता था। रविवार रात वह अपने साथी सौरव के साथ खटलापुरा होते हुए पॉलिटेक्निक चौराहा की तरफ जा रहा था। इससे पहले ही रात करीब सवा 9 बजे के आसपास उसकी तेज रफ्तार बाइक करिश्मा पार्क के पास अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में असफाक को सिर में गंभीर चोट आई थी, जबकि सौरव को मामूली चोट थी। राहगीरों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर असफाक को मृत घोषित कर दिया, जबकि सौरव की स्थित स्थिर बनी हुई है। इधर छोला मंदिर पुलिस ने बताया कि अशोक साहू (31) मकान नंबर 13, अराध्य सिटी, गौर शादी हाल के पास रहता था और दशहरा मैदान छोला में नमकीन की दुकान पर काम करता था। गत बीस अगस्त की शाम करीब चार बजे वह दुकान जाने के लिए घर से निकला था। निर्मल मैरिज गार्डन के पास पहुंचते ही भानपुर रोड पर पीछे की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में अशोक को कमर और पीछे की तरफ गंभीर चोट आई थी। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हमीदिया अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। ऑपरेशन के बाद परिजन उसे घर ले आए थे। उसका घर में ही ड्रेसिंग की जाती थी। शनिवार को अशोक की तबीयत बिगड़ी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचते इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

"धन्य धन्य बुंदेल धरा" का हुआ आयोजन

भोपाल,आरएचएम। बुंदेलखंड की वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती पर महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य एवं करुणाधाम आश्रम के सुदेश शास्त्रिल्या महाराज के सान्निध्य में ''धन्य धन्य बुंदेल धरा'' का आयोजन किया गया। हिन्दी भवन में सोमवार को आयोजित मंचन कार्यक्रम में महापौर मालती राय व अन्य अतिथियों ने रानी दुर्गावती की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं पुस्तक का विमोचन भी किया। आयोजकों द्वारा महापौर राय का सम्मान अंगवस्त्रम् एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लेखक, साहित्यकार व आयोजन समिति के सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

कल्पनाओं के रंग



फोटो-निर्मल व्यास

भोपाल। वन्य प्राणी सप्ताह के तहत कल वन विहार में स्कूली छात्राओं ने वन्य प्राणियों पर केंद्रित रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

स्टेशन व ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

चार वारदातों का खुलासा

भोपाल,आरएचएम। जीआरपी रानी कमलापति पुलिस ने रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चोरी की चार वारदातों का खुलासा कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 80 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के साथ लगातार हो रही चोरी की घटनाओं की रोकथाम और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम स्टेशन और ट्रेनों में लगे सीसीटीवी कैमरों की लगातार निगरानी कर रही थी। संदिग्धों की गतिविधियों का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ मुखबिर तंत्र को भी मुस्तैद किया गया। इसी दौरान सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर धर्मेंद्र नखवाल (40), निवासी झुग्गी नंबर 224, दुर्गा नगर, भोपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों के साथ चोरी की चार वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी ने पातालकोट एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री की जेब से पॉकेट पर्स चोरी किया था। पर्स में 5,200 रुपए नकद और जरूरी दस्तावेज रखे थे। इसी प्रकार आरोपी ने फुट ओवरब्रिज पर सो रही महिला के गले से करीब तीन ग्राम वजन का सोने का मंगलसूत्र चोरी किया। वहीं फुट ओवरब्रिज पर एक यात्री की जेब से पर्स चोरी किया गया, जिसमें 15 हजार रुपए नकद, एटीएम कार्ड, पैन कार्ड और चांदी का सिक्का था। चौथी वारदात में डाउन ट्रैक की ओर स्थित विश्राम क्षेत्र में सो रही महिला का पर्स चोरी किया गया। पर्स में करीब आठ ग्राम सोने के आभूषण और तीन हजार रुपए नकद रखे थे।

11 ग्राम सोना और नकदी बरामद: पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चारों मामलों से संबंधित करीब 11 ग्राम सोने के आभूषण, पांच ग्राम वजन का चांदी का सिक्का और 3,500 रुपए नकद बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल कीमत करीब 1 लाख अस्सी हजार रुपए बताई गई है।

कोलारः दुकान में घाटा होने से दुखी युवक ने लगाई फांसी

भोपाल,आरएचएम। कोलार इलाके के सर्वधर्म बी सेक्टर में युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि वह अपने छोटे भाई के साथ चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। सुबह से दुकान लगाने के बाद भी उसे लाभ नहीं हो रहा था। इसी थाना क्षेत्र के बांसखेड़ी इलाके में एक युवक ने फांसी लगा ली। फांसी के फंदे पर लटका देख उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार संदीप कौशिक पिता गोपाल कौशिक (31) छिंदवाड़ा, जिले के परासिया तहसील के गांव का रहने वाला था। वह अपने छोटे भाई विशाल के साथ बी सेक्टर सर्वधर्म में पांचवे पुलीर के पलैट में किराए से रहता था और बिल्डिंग के नीचे ही चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। उसके छोटे भाई विशाल ने पुलिस को बताया कि भाई के साथ ठेला सुबह पांच बजे से सुबह 10-11 बजे तक लगाते हैं। सुबह पांच बजे उसने ठेला लगाने की तैयारी की। वह कुछ सामान लेने के लिए ऊपर गया था। इस दौरान भाई संदीप को उसने फांसी के फंदे पर लटके देखा। वह भाई को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर संदीप को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने संदीप का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। भाई विशाल ने बताया कि संदीप धंधे में घाटा होने से दुखी था।



हिस्ट्रीशीटर ने लगाई फांसी: इसी थाना क्षेत्र स्थित बांसखेड़ी में हिस्ट्रीशीटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि गोपाल अहिरवार (45) बांसखेड़ी में रहता था और मजदूरी करता था। वह थाने की गुंडे लिस्ट में शामिल था। परिजन ने बताया कि गोपाल मजदूरी करता था। रविवार रात वह खाना खाकर सोया था। सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे परिजन ने उसे अंदर वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटके देखा। परिजन फंदे से उतारकर उसे अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

करंट से झुलसकर मिस्त्री की मौत: अब्बास नगर बांसखेड़ी में सोमवार सुबह करंट से झुलसकर मिस्त्री की मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि संजीत पासवान (32) अब्बास नगर बांसखेड़ी में रहता था और मिस्त्री का काम करता था। उसने घर की बिजली सीधे पोल से ले रखी है। बिजली के तार के संपर्क में आने सोमवार सुबह उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अरेरा क्लब में लॉन टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे कोच की अचानक गिरकर मौत

भोपाल,आरएचएम। हबीबगंज इलाके के अरेरा क्लब में रविवार सुबह लॉन टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह बच्चों को लॉन टेनिस का प्रशिक्षण दे रहे थे, तभी अचानक बेसुध होकर गिर गए। अरेरा क्लब के सदस्य उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रशिक्षण देते समय गिरने से अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक आया होगा। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार संजीव कुमार (45) मूलतः दिल्ली के रहने वाले थे। वह पत्नी और बच्चों के साथ अरेरा क्लब में रह रहे थे और क्लब में आने वालों को टेनिश का प्रशिक्षण देते थे। रविवार सुबह वह प्रशिक्षण दे रहे थे। इसी दौरान अचानक चक्कर आने पर गिर गए। क्लब के सदस्य उन्हें तत्काल उठाकर जय प्रकाश अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को ही शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर दिल्ली रवाना हो गए।

नगर निगम ने 12 पशुओं को कांजी हाउस व 7 पशुओं को भेजा आसरा

भोपाल,आरएचएम। नगर निगम द्वारा सड़कों, फुटपाथों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में भेजने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के गौवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वतंत्र विचरण करने वाले 12 पशुओं को पकड़कर कांजी हाउसों में एवं बीमार/घायल 07 पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही की। निगम अमले ने 20 पशुओं को गौशाला भेजने की कार्यवाही भी की। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम की गोवर्धन परियोजना शाखा के अमले ने शहर में स्वतंत्र विचरण करने वाले पशुओं को पकड़ने के सघन अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से पशुओं को पकड़ा और अन्ना नगर कांजी हाउस में 05 पशु, गांधी नगर कांजी हाउस में 04 पशु, संत हिरदाराम नगर कांजी हाउस में 03 पशु भेजे। निगम अमले ने 07 बीमार/घायल पशुओं को आसरा पशु चिकित्सालय भेजने की कार्यवाही की।

पब्लिक स्कूल की बस पेड़ से टकराई, दर्जनभर बच्चे घायल

भोपाल,आरएचएम। बैरसिया इलाके के गरेठिया जोड़ पर सोमवार दोपहर रैंकर एस पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ में जा घुसी। इस हादसे में दर्जनभर बच्चों को चोट आई हैं। हादसा उस समय हुआ, जब बस का ड्राइवर बच्चों को उनके घर छोड़ने के लिए जा रहा था। स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में बच्चों को निजी वाहनों से प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया और इलाज कराने के बाद घर छोड़ दिया। स्कूल प्रबंधन ने हादसे की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। साथ ही हादसे के बाद बस को आनन फानन में हटा दिया गया, ताकि हादसे की भनक ज्यादा लोगों तक न लगें। ग्रामीणों का आरोप है कि निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसें क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर स्कूल ले जाती और लाती है। इसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन से भी की जा चुकी है। बावजूद स्कूल बसों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर अब सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में संचालित निजी स्कूलों की बसों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को केवल हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले ही स्कूल बसों की फिटनेस, चालक-परिचालक की व्यवस्था, क्षमता के अनुसार बच्चों की संख्या और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे का इंतजार न करना पड़े।



फोटो-निर्मल व्यास

भोपाल। रोशनपुरा पर वर्ग 1 के अभ्यर्थियों ने धरना दिया और जब वे सीएम हाउस की तरफ बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोका। नाराज प्रदर्शनकारी वहीं धरना देकर बैठ गए। इससे काफी देर तक ट्रैफिक अस्त-व्यस्त रहा। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने विरोधस्वरूप अपना मुंडन भी कराया।

राजधानी से सटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक दौड़ेंगी बसें, 16 नए रूट चिन्हित

भोपाल आरएचएम। राजधानी के उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर लोगों के लिए राहत की खबर है कि अब भोपाल से सीहोर, रायसेन और मंडीदीप तक भी सीधी बस सेवा मिलेगी। दरअसल इसके लिये भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड (बीसीएलएल) ने मध्य प्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रा लिमिटेड (एमपीवाईपीआईएल) के तहत उपनगरीय बस सेवा के 16 नए रूट तय कर टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इससे भोपाल के सीमावर्ती गांव आपस में जुड़ेंगे। इस मॉडल में बसें निजी ऑपरेटर लाएंगे, लेकिन संचालन व्यवस्था, किराया और मॉनिटरिंग पर शासन और बीसीएलएल का नियंत्रण रहेगा। जानकारी के मुताबिक आगामी दिसंबर अंत या नए साल से इन बसों का संचालन शुरू हो सकता है। पहले चरण में सौ से ज्यादा बसें उतारने की तैयारी है। इसके शुरू होने से हर प्रमुख स्टॉप पर 15 मिनट में बस सुविधा मिल सकेगी और बसें भी निगम सीमा के बाहर भी जा सकेंगी। जबकि पहले दूरस्थ गांवों के लिए शुरू की गई बसें रातीबड़, बिलखिरिया या बैरागढ़ चीचली से आगे जाती थीं तो आरटीओ-पुलिस उन्हें इंटरसिटी बस मानकर रोकती थी। भारी जुर्माना लगने के कारण ऐसी सेवाएं बंद करनी पड़ी थीं। लेकिन परिवहन विभाग की अधिसूचना के तहत नगरीय और उपनगरीय मार्गों को आपस में जोड़ दिया गया है। उपनगरीय सेवा का दर्जा मिलने से नगर निगम सीमा का कानूनी बंधन खत्म हो गया है। बसों पर सुगम परिवहन, राज्य शासन और एमपीवाईपीआईएल का लोगो रहेगा। बताया जा रहा है कि प्रत्येक रूट पर न्यूनतम 5 बसें दौड़ेंगी। रूट की लंबाई के अनुसार इनकी संख्या इनकी संख्या 20 तक की जा सकेगी। यह बसें भी हाइटेक रहेंगी यानी यात्रियों को एप और इलेक्ट्रॉनिक मशीन से टिकट लेने की सुविधा मिलेगी। बस के अंदर टिकट के साथ प्रमुख स्टॉप पर ऑफ-बोर्ड टिकट काउंटर भी रहेंगे। सभी बसें जीपीएस-वीएलटीएस से लैस होंगी और सेंट्रल कमांड सेंटर से निगरानी होगी। बस आपरेटर्स इन रूट पर सीएनजी, एसी या नॉन-एसी बसें चला सकेंगे। पांच साल तक पुरानी बसों को भी जांच के बाद परमिट मिल सकेगा। ऑपरेटरों को बीसीएलएल डिपो में पार्किंग, रियायती दरें, रेस्ट रूम और रूट पर प्रायोरिटी परमिट की सुविधा दी जाएगी।



प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com